



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित झांसी, गुरूवार 24 अप्रैल 2025 वर्ष-13 अंक-252 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए





## ब्रीफ न्यूज

### भीषण आग, 87 झोपड़ियां जलीं

**लखनऊ।** लखनऊ कौनसी खेड़ा में देर रात भीषण आग लग गई। 87 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी धधकने लगीं। 2 किमी दूर से लपटें दिखाई दे रही थीं। सिलेंडर और बाइकों के पेट्रोल टैंक फटने से धमाकों से इलाका दहल उठा। आग की लपटें और चीख-पुकार सुनकर लोगों अपने घरों से बाहर निकल आए।। लोगों ने पहले पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। सरोजनी नगर सीएफओ दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। आग को देखते हुए शहर के सभी दमकल स्टेशन से गाड़ियां बुलाई गईं। 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मी आग पर पूरी तरह से काबू पा सके हैं। हादसा मंगलवार रात पौने तीन बजे बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट से हुआ। देखते ही देखते पूरी बस्ती खाक हो गई।

### सोना 2,700 गिरकर 95,784 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में बुधवार को बड़ी गिरावट हुई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,700 कम होकर 95,784 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 98,484 थी। ये सोने में बीते 1 साल की दूसरी बड़ी गिरावट है। 23 जुलाई 2024 बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद सोने के दाम एक ही दिन में 3600 रुपए हो गए थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 508 बढ़कर 96,115 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,607 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### मणिपुर में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में- टोंगब्रम डॉली देवी(कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी), लोंगजाम टोनी सिंह(केसीपी पीडब्लूजी), लैशराम नोंगदंबा सिंह उर्फ लानलीबा (सोरेपा), आरके खोमडोनसाना (अरम्बाई टेंगोल), लौरेम्बम थोइबा उर्फ जैक्सन (अरम्बाई टेंगोल) और पीआरईचीएके का एक कैडर शामिल है। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को इंफाल के मोंगजाम की तलहटी में तलाशी अभियान के दौरान एक कार्बाइन, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, सात मैगजीन, 73 कारतूस और 37 खाली खोखे भी जब्त किए।

### इस्तांबुल में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये के इस्तांबुल में बुधवार को 6.2 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया। इसका केंद्र इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था। तुर्किय की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने बुधवार को बताया कि भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान या चोट की कोई खबर नहीं है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भी भूकंप की पुष्टि की है और कहा है कि भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूंकप से शहर और आसपास के इलाकों में बड़े झटके महसूस किए गए। लोकल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप का सेंटर सिलिवरी के नजदीक था, जो तटीय क्षेत्र है और भूकंपीय एक्टिविटी के लिए जाना जाता है।

### डॉक्टरों पर हर हमले की निगरानी नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को डॉक्टरों पर बढ़ते हमलों से रक्षा के लिए दिशानिर्देश बनाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हर चीज की निगरानी करना कोर्ट का काम नहीं है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला दिया और कहा कि ऐसे मामलों से संबंधित दिशानिर्देश पहले ही बनाए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता अगर चाहें तो उचित कानूनी प्रक्रिया अपना सकते हैं। बेंच ने कहा, आप सुप्रीम कोर्ट से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह हर काम और गतिविधि पर नजर रखे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में बनी रणनीति ?

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई जो कि 2 ।30 घंटे चली। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पहलगाम के दौरे से वापस लौटे गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी सहित सभी अन्य राजनेताओं से पूरी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी।



माना जा रहा है कि इस बैठक में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आगे की रणनीति तय की है। जिसका असर आने वाले कुछ दिनों में देखने को मिलेगा।

मालूम हो कि सीसीएस शीर्ष जिम्मेदारों की वो समिति है, जिसमें देश की सुरक्षा से संबंधित बड़े फैसले लिए जाते हैं। इस बैठक से पहले गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम का दौरा कर चुके हैं। वो आज ही दोपहर बाद दिल्ली लौटे थे।

सीसीएस की बैठक में शामिल होने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस अमानवीय कृत्य से हम सभी गहरी शोक और दर्द में हैं। सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मैं परमात्मा से प्रार्थना करता हूं।

इसके बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि यहां मैं भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन लोगों तक नहीं पहुंचेंगे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठ कर भारत की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं।

## पहलगाम हमला: बैसरन घाटी में 20 मिनट तक रहे आतंकी, 28 हुई मरने वालों की संख्या, शाह ने दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में कुल 28 टूरिस्ट की मौत की पुष्टि हुई है। इसमें देश के कई राज्यों के लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 5 पर्यटक महाराष्ट्र और 4 कर्नाटक हैं। गुजरात के तीन और पश्चिम बंगाल के 2 टूरिस्ट हैं। इसके अलावा हरियाणा, आंध्रप्रदेश, यूपी, चंडीगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और केरल के 1-1 टूरिस्ट आतंकी हमले का शिकार हुए हैं। आतंकियों की गोली से जम्मू-कश्मीर का एक व्यक्ति और नेपाल के एक नागरिक की मौत हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकी हमले में मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की है और भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



पहलगाम आतंकी हमले की जांच में सामने आया है कि बैसरन वैली में आतंकी हमला दोपहर को किया गया। उस वक्त पर्यटक अपने परिवारों के साथ सुहाने मौसम का मजा ले रहे थे। इस हमले को छह आतंकवादियों ने अंजाम दिया जो सुरक्षाबलों की वर्दी में थे। चश्मदीदों ने बताया कि आतंकवादियों ने नाम पूछकर कुछ लोगों को गोली मारी है। आतंकी बैसरन घाटी के मैदान में 20 मिनट तक रहे। हमले के 20 मिनट बाद पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे। मृतकों के परिजनों और घायलों का स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू किया ।

आतंकी हमले में मारे गए लोगों में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल हरियाणा, मंजुनाथ राव कर्नाटक, सैयद हुसैन शाह जम्मू कश्मीर, शुभम द्विवेदी उत्तर प्रदेश, संजय लेले, अतुल मोने दिलीप डिसले, संतोष जगदाले, कौस्तुभ गनबोटे, हेमंत सुहास जोशी ये सभी महाराष्ट्र से, प्रशांत सतपती ओडिशा, मनीष रंज तेलंगाना, सुशील नथयाल, मध्य प्रदेश, नीरज उधवानी उत्तराखंड, बीतन अधिकारी व समीर गुहार पश्चिम बंगाल, सुदीप न्यौपाने नेपाल, मनीष रंजन बिहार, एन रामचंद्रन केरल, दिनेश अग्रवाल चंडीगढ़, जे सचिंद्र मोली, आंध्रप्रदेश, मधुसूदन सोमस्टी, संतोष जहदा, भारत भूषण, कर्नाटक और सुमित परमार, यतेश परमार गुजरात के टूरिस्ट थे जिनकी इस आतंकी हमें में मौत हुई है।

## आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन में उतरे एएलएच हेलिकॉप्टर, पिछले तीन माह से हैं ग्राउंडिड

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान को अंजाम देने के लिए ग्राउंडेड एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) को भी इस्तेमाल में लाया जाएगा। इस फैसले के पीछे वहां की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और ऑपरेशन की संवेदनशीलता बताई जा रही है।

गौरतलब है कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और कोस्ट गार्ड के बेड़े में शामिल सभी एएलएच हेलिकॉप्टर्स पिछले तीन महीनों से ग्राउंडेड हैं। इन्हें ग्राउंडिड करने का यह अहम कदम 5 जनवरी को पोरबंदर में कोस्ट गार्ड का एक एएलएच हेलिकॉप्टर क्रैश होने के बाद उठाया गया था। दुर्घटना की जांच अभी भी जारी है, और हेलिकॉप्टरों के उड़ान की अनुमति तब तक नहीं दी गई जब तक फ्लीट की सुरक्षा की पुष्टि नहीं हो जाती।



रक्षा सूत्रों के मुताबिक, चेतक और चीता हेलिकॉप्टर्स की सीमित नाइट फ्लाइंग क्षमता के कारण ऑपरेशन के लिए एएलएच को जरूरी माना गया है। वहीं वायुसेना के पास मौजूद एमआई-17 हेलिकॉप्टर्स भी उपयोग में लिए जा सकते थे, लेकिन उनका आकार बड़ा होने की वजह से पहाड़ी इलाकों में संचालन कठिन हो सकता था, जहां एएलएच अपनी मल्टी-टेर्रेन और नाइट ऑपरेशन क्षमताओं के साथ ज्यादा उपयोगी साबित होते हैं।

## पहलगाम आतंकी हमला: एनआईए ने जारी किए तीन आतंकियों के स्केच, चश्मदीदों ने बताया आतंकियों का हुलिया



**पहलगाम।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच में जुटी एनआईए ने तीन संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। चश्मदीदों द्वारा आतंकियों के बताए गए हुलिये को आधार बनाते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने ये स्केच तैयार किए हैं। खुफिया रिपोर्ट में बताया गया है कि पहलगाम में हमले को अंजाम देने में कुल 06 आतंकी थे।

पहलगाम हमले में शामिल संदिग्ध आतंकियों के स्केच एनआईए की फॉरेंसिंक टीम ने तैयार किया है। यहां बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए पर्यटकों में से अब तक करीब 28 टूरिस्टों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी हमले की जांच एनआईए के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं। जांच एजेंसियों के मुताबिक, आतंकी हमले में सुलेमान शाह, आसिफ फौजी और अबु तल्हा शामिल थे। हालांकि, जारी किए गए स्केच और बताए गए इन आतंकी नामों में से कौन सी तस्वीर किसकी है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इंटेलिजेंस सूत्र यह जरुर बताते हैं कि पहलगाम आतंकी हमले में दो फॉरेन टेररिस्ट और दो लोकल आतंकी भी शामिल थे। दावा किया जा रहा है दो आतंकी पश्तो बोल रहे थे। सूत्रों की मानें तो पहलगाम हमले का मास्टर माइंड सैफुल्लाह खालिद हो सकता है, जो कि पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकी गतिविधि को संचालित करता है। वहीं दूसरी तरफ सैफुल्लाह द्वारा एक माह पहले ही हमले की धमकी दी गई थी, इसके साथ ही इसका 2019 का एक वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। जारी वीडियो में सैफुल्लाह कहता दिखा था कि कश्मीर का मसला ठंडा नहीं होने देना है। यहां बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर में 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा अटैक के बाद पलहगाम आतंकी हमला सबसे बड़ा हमला है। तब पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर फिदायीन हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। तब हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी।

यहां बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के विंग द रजिस्टेंस फ्रंट अर्थात टीआरएफ ने ली है। वहीं गृह मंत्रालय ने टीआरएफ के उस दावे का खंडन किया है कि जिसमें उसने आईबी के अफसरों को निशाना बनाने के लिए हमला करने की बात कही थी। खुफिया तौर पर इस हमले के पीछे पाकिस्तान के हाथ होने की बात भी सामने आई है, लेकिन पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ का कहना है कि इस हमले में पाकिस्तान का कोई हाथ नहीं है। भारतीय जांच एजेंसियां हर एंगल से हमले की जांच कर रही हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पहलगाम हमले के बाद बारामूला में घुसपैठ कर रहे दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुई बड़ी आतंकवादी घटना के एक दिन बाद भी आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। आतंकवादियों ने सरजीवन के जरिए घुसपैठ की कोशिश की है। चिनार कॉर्प्स ने बुधवार सुबह जानकारी दी, 23 अप्रैल 2025 को करीब 2-3 अज्ञात आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन इलाके के जरिए घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। एलसी पर मुस्तैद टीपीएस ने जवाबी कार्रवाई की और उन्हें रोका, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई है। हालांकि, सेना ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। खबर है कि बुधवार को करीब



2-3 अज्ञात दहशतगर्दों ने बारामूला के जरिए मुल्क में दाखिल होने की कोशिश की है। इस घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर आ गए थे। फिलहाल, ऑपरेशन जारी है।

बता दें कि कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विट्जरलैंड'के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बैसरन में मंगलवार अपराह्न में हुए एक आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है। पीटीआई भाषा को एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि मृतकों में दो विदेशी (संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल से) और दो स्थानीय निवासी शामिल हैं।अधिकारियों ने बताया कि मारे लोगों में से 22 की पहचान हो गई है तथा अन्य चार की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या का अभी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने इस आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर सबसे बड़ा हमला बताया।

### मंडी के अनाज गोदाम में लगी भीषण आग

**राजगढ़।** नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित टीन शेड से बने अनाज गोदाम में बुधवार को अचानक आग लग गई। गोदाम से धुआं निकलता देख लोग मौके पर पहुंचे। वह आग बुझाने में लग गए। आग तेजी से फैली, जिससे हम्मालों की आठ बाइक, करीब सौ क्विंटल सोयाबीन, साढ़े तीन हजार बारदान समेत अन्य सामान खाक हो गया। इससे लाखों रुपये की नुकसानी का आकलन लगाया गया है। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चला है। जानकारी मुताबिक सुबह करीब 11 बजे राजेंद्र करनावद के मंडी प्रांगण स्थित टिन शेड के गोदाम में अचानक आग लग गई।

## हूती विद्रोहियों की इजराइल को चुनौती

### कई शहरों पर दागी मिसाइलें

**तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजराइल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इजराइल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इजराइली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवत: मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया।

हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इजराइल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इजराइल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए।

### अमेरिका द्वारा हूतियों पर मार्च से ही किए जा रहे हमले

**हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। नवंबर 2023 से इस साल जनवरी तक हूतियों ने लाल सागर में 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया और दो जहाजों को डुबो दिया। इस दौरान चार नाविक मारे गए। इन हमलों के चलते लाल सागर इलाके में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अमेरिका द्वारा हूतियों पर किए गए हमलों में कितने लोग मारे गए हैं और किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। हूतियों द्वारा भी हमलों को लेकर ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।**

» न्यूज कैप्सूल »

## जिले में प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक के रूप में मिली नई तैनाती

**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर बुधवार के रोज आईपीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए है एक दिन पहले आईएएस अधिकारियों के शासन द्वारा किया गया था जिसमे बुंदेलखण्ड के महोबा जिले मे तैनाद डीएम मृदुल चौधरी को झासी जनपद भेजा गया और महोबा मे नई डीएम के रूप में गजल भारद्वाज को कमान सौपी गई है द्य अभी तक पुलिस अधीक्षक पलास बन्सल ने लगभग 7 माह तक जनता के हितो में सेवाए दी और अपराधियों के उपर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर शांति का माहौल कायम करने का प्रयास किया था लेकिन शासन द्वारा पलाश बन्सल एसपी बांदा नियुक्त किया है वही महोबा के लिए 1992 बैच के पीपीएस प्रबल प्रताप सिंह को 2022 में प्रमोट कर उन्हे आईपीएस बनाया गया था और उन्होंने लखनऊ में भी सेवाएं दी हैं द्य अब प्रबल प्रताप सिंह को महोबा एसपी बनाया गया है द्य अब जनपद में सट्टा जुआ अवैध कारोबार में रोक लगाना महत्वपूर्ण कार्य रहेगा द्य एसपी प्रबल प्रताप सिंह की जनपद में कानून व्यवस्था कायम रखने एवं शांति का माहौल कायम करने में अहम भूमिका मानी जा रही है जनपद मे अब अपराधियों एवं अवैध कारोबारीयो पर अंकुश लगेगा जनता नए अधिकारियों से उम्मीद लगाए हुए है।

## मोमबत्ती जलाकर पहलगाम में मारे गए हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी

### आल्हा चौक में बुंदेली समाज ने रखा दो मिनट का मौन

**महोबा।** पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए बेगुनाह हिन्दुओं व एक स्थानीय मुस्लिम नागरिक की आत्मा की शांति के लिए बुंदेलों ने आज शाम आल्हा चौक में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की एवं मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा। बुंदेलों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस जघन्य हमले के दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए ताकि फिर ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि जिस जम्मू-कश्मीर को आतंक के साये से बाहर निकालने में मोदी सरकार ने बड़ी सफलता पाई थी, वह देश के दुश्मनों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा लेकिन वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाएंगे। डा. एलसी अनुरागी ने कहा कि इस आतंकी घटना से पूरी दुनिया स्तब्ध है और अमेरिका, रूस सहित सभी देश भारत के साथ हैं। वे आतंकी और उनके मददगार बख्शे नहीं जाएंगे। हमारे सुरक्षा बल उनको पाताल से भी खोज निकालेंगे।

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा. विभा पुरवार, पूनम द्विवेदी, साधना, देवेन्द्र तिवारी, शिव कुमार गोस्वामी, दिलीप जैन, पुष्पेन्द्र गुप्ता, गया प्रसाद, अमरचंद विश्वकर्मा, आशीष शुक्ला, शशांक गुप्ता, जागेश्वर चौरसिया व मनीष जैदका समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सरकारी राशन की दुकान को लेकर हो रही खुली बैठक में वोटिंग को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग हुए घायल

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव स्थित पंचायत भवन में सरकारी राशन की दुकान के संबंध में आयोजित खुली बैठक में समर्थन और वोटिंग को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। तथा दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों से प्रहार करते हुए मारपीट कर दी। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव के निवासी पवन पुत्र अवधेश ने बुधवार को राठ कोतवाली में घटना के लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव के पंचायत भवन में आयोजित सरकारी राशन की दुकान के संबंध में खुली बैठक के दौरान समर्थन और वोट डालने को लेकर गांव के करीब आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलोज करना शुरू कर दिया। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडों से उसकी व दो अन्य लोगों की जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। बताया कि दबंगों के द्वारा की गई मारपीट से उसे चोटें आईं हैं। वहीं दूसरे बच्चे की ओर से पूरन पुत्र नारायण ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव के पंचायत भवन में आयोजित सरकारी राशन की दुकान को लेकर खुली बैठक (मीटिंग) के दौरान वोटिंग के सम्बंध के चलते 10 लोगों ने उसके बाद गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी बताएं कि उसके बाद मारपीट होती देखकर जब उसका भाई खेमचंद व भतीजा अजय उसे बचाने के लिए दौड़े तो उक्त सभी दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।

# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल शक्ति कैबिनेट मंत्री ने किये गये कार्यों का किया निरीक्षण






**महोबा।** शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम काकुन में भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से नियमित एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। जिसमें ग्रामवासियों ने समुचित जलापूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा इसी योजना के उटियां ग्राम में स्थित 25 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल शोधन सम्बंधी सभी अवयवों जैसे एरियेटर, क्लेरीफ्लोकुलेटर, फिल्टर यूनिट एवं पम्प हाउस का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होने पानी में क्लोरी मिक्सिंग, वाटर टेस्टिंग लैब, स्काडा सिस्टम (ऑटोमेशन) एवं अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण करते हुये उपस्थित अधिकारियों को ससमय शुद्ध एवं समुचित जलापूर्ति हेतु निर्देशित किया।

शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण करने के उपरान्त कबरई ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत कबरई बांध में निर्मित इन्टेकवेल का निरीक्षण किया। जिसमें सभी पम्प एवं स्काडा (आटोमेशन) क्रियाशील अवस्था में पाये गये। उन्होने बांध से इन्टेकवल को प्राप्त होने वाले पानी की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली और वर्ष में बांध से योजना हेतु प्राप्त किये जाने वाले पानी को सुरक्षित भण्डारण हेतु निर्देशित किया। योजना के कार्यों से संतोष व्यक्त करते हुये ग्रीष्म ऋतु में विशेष रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये समुचित प्रबंध किये जाने पर बल दिया एवं योजना के अन्तर्गत सम्बंधित ग्रामों में समुचित जालपूर्ति किये जाने हेतु उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित कियां।

कबरई बांध के निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने बिरमा भवन के सभागार में जल जीवन मिशन के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें जनपद में चल रही सभी 05 नग योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं जनपद के शतप्रतिशत घरों में समुचित जलापूर्ति हेतु निर्देशित किया।

आज प्रात: ही उन्होंने धर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत उर्मिल बांध में बने हुये इन्टेकवेल का निरीक्षण किया। इन्टेकवेल के कार्यों में संतोष व्यक्त करते हुये उन्होंने ग्राम अतरारमाफ में प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर सयमय जलापूर्ति का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ग्रामवासियों एवं विद्यालय के बच्चों द्वारा बताया गया कि उनके घरों में शुद्ध एवं नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पेयजलापूर्ति की जा रही हैं।

मंत्री जी के भ्रमण के दौरान सदर विधायक राकेश गोस्वामी पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, विधानसभा सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर व अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) महोबा मोइनुल इसलाम, जल निगम के अधिशासी अभियन्ता इं0 संदेश सिंह तोमर, सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संस्कृत विद्यालय में प्रवेश के लिए घर घर जाकर दिया निमन्त्रण

### वैदिक शिक्षा के साथ आधुनिक विषयों के साथ जुड़ने का किया आवाहन



**चरखारी (महोबा)।** कस्बा चरखारी में स्थित श्री गुमान बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में कर्मकाण्ड' ज्योतिष ज्ञान' श्रीमद् भागवत कथा सहित आधुनिक विषय कम्प्यूटर' अंग्रेजी' गृहविज्ञान' समाजशास्त्र सामाजिक विषय के साथ हाईस्कूल इण्टर की शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों द्वारा अब घर घर जाकर सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण दिए जाने के उद्देश्य से प्रवेश हेतु निमंत्रण दिया गया।

01 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र प्रारम्भ हो चुका है जहां परिषदीय स्कूलों के अध्यापकों सहित विभिन्न् विद्यालयों के शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावकों से सम्पर्क कर रहे हैं और इसी क्रम में श्री गुमान बिहारी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा भी घर घर जाकर लोगों को सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए बच्चों के प्रवेश का आवाहन किया जा रहा है। संस्था प्रमुख डॉ. सुखनन्दन मिश्र के निर्देश पर विद्यालय में भ्रमण टोली का गठन किया गया है। भ्रमण टोली में अध्यापक भूपेन्द्र तिवारी' वीरेन्द्र मिश्रा द्वारा घर घर जाकर अभिभावकों से सम्पर्क अभियान शुरू किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुखनन्दन मिश्र ने कहा कि भारत देश समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विविधवा वाला देश है। भारत में बोली जाने वाली भाषाओं की विविधता के बीच, संस्कृत भारतीय भाषाओं की जननी के रूप में एक अद्वितीय स्थान रखती है, जो राष्ट्र के भाषाई और सांस्कृतिक ताने-बाने को एक साथ बुनने वाले सामान्य धागे के रूप में कार्य करती है। अध्यापक श्री तिवारी ने सम्पर्क के दौरान कहा कि संस्कृत सांस्कृतिक विरासत, एकता को बढ़ावा देने और समग्र विकास को बढ़ावा देने वाली भाष है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नि:शुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध है साथ ही कर्मकाण्ड व्यवस्था' ज्योतिष' श्रीमद् भागवत कथा के साथ कम्प्यूटर शिक्षा' अंग्रेजी' गृहविज्ञान' सामाजिक विषय' समाशास्त्र जैसे विषयों को समावेषित करते हुए वैदिक व आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था है। अध्यापक वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि संस्कृत संस्कार की भाषा होने के साथ साथ यह जोड़ने का कार्य भी करती है भारत जैसे विविधताओं से भरे राष्ट्र को एकीकृत करने की भूमिका भी निभाती है।

## मुख्यमंत्री से मिला क्रेशर यूनियन, जिले के उद्योग की समस्याओं के निस्तारण का मिला भरोसा



**महोबा।** जनपद मेंक्रेशर उद्योग को बचाने के लिए उद्यमियों के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर ऋशर उद्योग को बचाने मांग की है।

मंगलवार को जिले के खनन एवं ऋशर उद्योग कल्याण समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि बक्स सिंह और महामंत्री देवेंद्र मिश्र ने लखनऊ में आवास पर मुख्यमंत्री योगी जी से भेंट कर प्रदेश के खनन और क्रेशर उद्योग के हित में तथा अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश में आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अन्य राज्यों के उपखनिज पर आई एस टी पी (सेस कर) में 50 रु प्रतिघन की वृद्धि किए जाने के लिए धन्यवाद दिया। यूनियन द्वारा प्रदेश में लागू गिट्टी, डस्ट जैसे उपखनिज के वास्तविक मानक के विपरीत घनत्व निर्धारण 1.65 टन प्रति घन मीटर को बढ़ाकर मानक अनुसार 2.84 टन प्रति घन मीटर किए जाने की मांग की जिसे मुख्यमंत्री जी द्वारा शीघ्र ही प्रक्रिया पूर्ण कर लागू किए जाने का आश्वासन दिया गया। महोबा जनपद में ऋशर उद्योग के लिए परेशानी का सबब बन चुके कानपुर लखनऊ के रूट डायवर्जन का समाधान शीघ्र होने का भी भरोसा दिया गया।मुख्यमंत्री जी द्वारा महोबा जिले में स्थापित उद्यमियों तथा नए उद्योग लगाने वाले को शासन प्रशासन द्वारा सहयोग किए जाने का निर्देश दिए जाने का भी आश्वासन दिया गया।

## युवक ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन पर लगाया पेट्रोल की घटतौली (चोरी) करने व गाली गलौच कर जानमाल की धमकी देने का आरोप



**हमीरपुर।** जनपद में राठ नगर के अंदर स्थित एक पेट्रोल पंप के सेल्समैन ने पेट्रोल डलवाने के लिए आए व्यक्ति की बाइक में पेट्रोल डालने के दौरान पेट्रोल की घटतौली (चोरी) कर ली। पेट्रोल पंप से बाहर निकालने के कुछ समय के बाद जब नगर के बजरिया चौराहे पर युवक की बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया तो उसने बाइक को घसीटते हुए पेट्रोल पंप में पहुंचकर उक्त सेल्समैन से पेट्रोल की घटतौली करने का के उलाहना दिया। जिससे आक्रोशित सेल्समैन ने बाइक सवार युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान माल की धमकी दे डाली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने सम्बंधित विभाग सहित एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

राठ कस्बे के कोट बाजार इलाके के निवासी तारिक उल्ला खां पुत्र इस्लाम उल्ला खाँ ने बुधवार दोपहर करीब 12:00 बजे उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कल मंगलवार की सुबह करीब साड़े 7 बजे उसने राठ नगर के अंदर स्थित एक पेट्रोल पंप के सेल्समैन ने 100 रुपये का पेट्रोल डलवाया था। बताया कि उस वक्त उसके बच्चे भी उसके साथ में मौजूद थे जिन्हें वह स्कूल छोड़ने के लिए जा रहा था। बताया कि बाइक में पेट्रोल डलवाने के दौरान सेल्समैन ने मशीन का नोजल उसकी बाइक की टँकी के अंदर डालकर पेट्रोल की घटतौली (चोरी) कर ली। जिसे वह उस वक्त समझ नही सका। बताया कि पेट्रोल पंप से बाहर निकालने के बाद वह अपने बच्चों को जलालपुर रोड पर स्थित विद्यालय में छोड़ते हुए वापस अपने घर जा रहा था तभी नगर के बजरिया चौराहे पर अचानक उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। जिसके बाद उसने बाइक को घसीटते हुए उक्त पेट्रोल पंप में पहुंचा तथा उक्त सेल्समैन से पेट्रोल की घटतौली करने का उलाहना दिया। तो आक्रोशित सेल्समैन ने बाइक उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान माल की धमकी दे डाली। बताया कि उसने संबंधित विभाग के अलावा उपजिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि उन्होंने जाँच के लिए सप्लाई इंस्पेक्टर को आदेशित किया है।

## भांजी की शादी में जा रहे व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते सड़क पर गिरने से हुई मौत, पत्नी और बच्चों के साथ भांजी की शादी में जाने के लिए घर से निकला था



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के बारह खंबा इलाके में अपनी भांजी की शादी में जाने के लिए पूरे परिवार के साथ निकले 50 वर्षीय एक व्यक्ति की गश खाकर गिरने से मौत मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक व्यक्ति के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत बिहुनी गांव का मूल निवासी 50 वर्षीय मानसिंह पुत्र नन्दू जो कि अपने पूरे परिवार के साथ राठ तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में बीते 8 वर्षों से रह रहा था। जो कि बुधवार की दोपहर को अपनी पत्नी और तीनों बच्चों के साथ अपनी भांजी जयदेवी की शादी में शामिल होने के लिए जरिया थाना क्षेत्र के रिगवारा गाँव में जाने के लिए ग्राम नौरंगा से निकला था। तथा ग्राम नौरंगा से जैसे ही वह कस्बा राठ के बाराखंबा में इलाके में पहुँचा तो अचानक वह गश खाकर जमीन पर गिर गया। जिसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने उसे आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिंह के नाम दो बीघा कृषि भूमि है तथा वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी गुड़िया रानी के अलावा पुत्री संतोषी, मीरा और पुत्र नरेन्द्र सहित भाई रघुवीर, मुखिया और सुंदरलाल को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। बताया कि कल गुरुवार को होने वाली अपनी भांजी जयदेवी की शादी में शामिल होने के लिए वह रिगवारा जा रहा था। मामले में राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी ने बताया कि मानसिक नाम के व्यक्ति को मृत अवस्था में सीएचसी में लाया गया था। तथा उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी है।

## जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगांव में दबंगों ने महिला के साथ की जमकर मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज।

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिल गांव में खेतों में जानवर घुस जाने को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित महिला के पति ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगांव के निवासी भोजा पुत्र रामचंदा ने जलालपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी छबीली गाय भैंस और बकरी चराने के लिए खेतों की ओर गई हुई थी। बताया कि तभी कुछ जानवर गांव के ही रामकुमार के खाली पड़े खेत में चले गए। बताया कि खेतों में जानवर घुसने को लेकर हुए विवाद के चलते रविवार दोपहर करीब 12:00 बजे गांव के ही रामकुमार विपिन और मानसिंह ने उसकी पत्नी के साथ जातिसूचक गाली गलौज करना है प्रारंभ कर दिया। बताया कि जब उसकी पत्नी ने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी लोगों ने उसकी पत्नी छबीली की जमकर पिटाई कर दी। बताया कि घटना के बाद उसने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## न्यूज कैप्सूल

### युवक ने नशे में बाईक में आग लगाई

**मऊरानीपुर।** गरौठा चौराहे के पास नशे में धुत्त युवक ने अपनी बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और बाइक में आग लगने से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया दुकानदारों ने पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जलती हुई बाईक को कोतवाली ले गई।

### 14 वाहनों के चालान किये

**मऊरानीपुर।** ए आर टी ओ जालौन में मऊरानीपुर में चेकिंग अभियान चलाकर दो ओवरलोड ट्रक सहित 14 वाहनों के चालान किए जानकारी के अनुसार ए आर टी ओ विनय पांडेय ने बताया कि दो ओवरलोड ट्रक एवं 12 ऑटो टैक्सी के चालान किए गए और उक्त वाहनों को उन्होंने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### नगर पालिका ने हटाये अवैध होर्डिंग

**मऊरानीपुर।** नगर पालिका प्रशासन ने स्टेशन रोड से लेकर रेलवे स्टेशन तक लगे अनाधिकृत होर्डिंग को हटाया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका ने होर्डिंग लगाने के लिए स्थान चिन्हित किए हैं एवं होर्डिंग लगाने का ठेका भी दिया गया है लेकिन कुछ स्थानों पर अनाधिकृत तरीके से होर्डिंग लगाए गए थे जिन्हें हटाया गया है जिससे भविष्य में अनाधिकृत होर्डिंग ना लग सके

### निधन पर शोक जताया

**मऊरानीपुर।** बार संघ की एक शोकसभा अध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें अधिवक्ता हनुमत सिंह पटेल की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया इस मौके पर सुधीर अवस्थी बैजनाथ तिवारी देवेंद्र मोहन यादव राहुल पटेरिया ओपी तिवारी राजेंद्र गुप्ता गजेंद्र यादव हरनारायण श्रीवास राम बिहारी सक्सेना सहित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### ऊंचाई से युवक व महिला गिरी

**मऊरानीपुर।** ऊंचाई से गिरकर एक युवक व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी के अनुसार दिनेश पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम रोरा नीतू पत्नी हिरदेश निवासी ग्राम धबाकर को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि ऊंचाई से गिरकर घायल हो गई प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की अलग गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### महिला को सांप ने काटा

**मऊरानीपुर।** सांप के काटने से एक महिला की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार शिफा पत्नी अख्तर निवासी गोपालगंज मऊरानीपुर को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि सांप के काटने से हालत बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### महिला को विद्युत करंट लगा

**मऊरानीपुर।** विद्युत करंट लग जाने से एक महिला की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार मुन्नी पत्नी शिशुपाल सिंह निवासी ग्राम चुरारा को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि विद्युत करंट लग जाने से हालत बिगड़ गई।

### बाईक दुर्घटना में दो युवक घायल

**मऊरानीपुर।** बाईक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार कुणाल पुत्र संतोष निवासी रानीपुर कैलाश पुत्र रतिराम निवासी ग्राम चुरारा को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### चार साल से बंद पड़ा है शौचालय

**मऊरानीपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय में ग्राम मेंलोनी का सामुदायिक शौचालय में मोटर चोरी हो जाने के कारण पिछले 4 साल से बंद पड़ा हुआ है ब्लॉक क्षेत्र के 66 ग्राम पंचायतों में समुदायिक शौचालयों का निर्माण 2021 में कराया गया था और ग्राम मेंलोनी में निर्माण कराए गए शौचालय की टंकी में पानी चढ़ाने के लिए मोटर लगाई गई थी लेकिन मोटर चोरी हो जाने के बाद शौचालय शुरू नहीं हो सका।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक व नगर इकाई जालौन की बैठक संपन्न

**उरई।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक व नगर इकाई की संयुक्त बैठक नवीन सीनियर बालिका विद्यालय जालौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश रजक ने की

बैठक में माँ सरस्वती व माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने आगामी सदस्यता अभियान पर चर्चा व संकुल स्तर पर सदस्यता प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपकर गत वर्ष की तुलना में सदस्य संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखा। जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने ब्लॉक इकाई पर नियमित बैठकें करने और समस्याओं को संग्रहित कर ब्लॉक स्तर की समस्याओं को ब्लॉक स्तर से और जिला स्तर की समस्याओं को जिला इकाई के पास भेजने पर बल दिया जिससे समस्याओं का निराकरण अविलंब हो सकें। नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार ने संगठन विस्तार एवं नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का को दूर करने की मांग की। प्रदेश मीडिया प्रभारी




बृजेश श्रीवास्तव ने संगठन की संरचना, रीति-नीति, ध्येय और कार्यक्रम की चर्चा की तथा शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु प्रदेश नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। नगर कोषाध्यक्ष पवन प्रजापति ने विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच को पुरानी पेंशन बहाल हेतु प्रदेशीय नेतृत्व के प्रयास की सराहना की व आभार व्यक्त किया। बैठक में नगर जालौन संरक्षक शकील अंसारी, नगर संगठन मंत्री शेख इशहाक, नगर कार्यकारी अध्यक्ष देवीचरण प्रजापति, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, ब्लॉक महिला मंत्री मयंका गोविल, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुराग याज्ञिक, ब्लॉक संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रंजना श्रीवास्तव, लोकेश पाण्डे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# खेत में पराली में लगी आग



**समथर।** थाना क्षेत्र के दतावली रोड पर 33 के वी विद्युत पावर हाउस के आगे खेत में गेहूं के डंठलों में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। उक्त आग ने खेतों की मेड़ पर सूखी एवं हरी घास को अपनी चपेट में ले लिया धीरे-धीरे आग की चिंगारी पास में बने एक मकान के छप्पर तक पहुंच गई छप्पर के नीचे रखा भूसा आग में जलने लगा,लोगों द्वारा आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी,समथर फायर स्टेशन के कर्मियों ने पहुंचकर किसानों की सहायता से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।

### भैंस चोरी हो जाने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** चार माह पूर्व में चोरी हुई दो भैंसों की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली जानकारी के अनुसार ग्राम क दौरा निवासी दमरूलाल ने कोतवाली में बताया कि झब्बू निवासी ग्राम घाट कोटरा चच्चा दलवीर व उसका पुत्र फरीद निवासी गण ग्राम डकोर जालौन चार माह उसकी भैंस खरीदने के लिए आए थे और कम कीमत लगाकर चले गए और दबाव बनाने लगे कि तुम्हें भैसे हमें देना पड़ेगा अन्य कोई नहीं खरीद सकता है और आरोपी मौका पाकर अपने साथियों के साथ 16 दिसंबर 24 को रात्रि के 2:00 बजे टपरा में बंधी भैंसों को पिकअप में लादकर चुराकर ले गए थे पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# चोरी के जेवरात व नगदी के साथ अन्तर्जनपदीय शांतिर चोर गिरफ्तार




### पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मिली सफलता, तमंचा चाकू भी किए बरामद

**उरई।** एसपी के निर्देशानुसार व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी के जेवरात नगदी, तमंचा व चाकू के साथ अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में बुधवार को थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल नहर के पास चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान एक काली स्कार्पियो को खड़ी देखी। पुलिस को गाड़ी को देखते ही गाड़ी सवार वहां से भागने लगे। तभी पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने जब गाड़ी खुलवाकर देखा तो उसमें दो युवक बैठे थे। जिनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक तमंचा, एक चाकू, तीन मोबाइल, सोने चांदी के जेवरात, एक लाख 75 हजार रुपये बरामद किए। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम आशीष राजपूत उर्फ आशु निवासी ग्राम मसगांव थाना राठ हमीरपुर और चंद्रपाल उर्फ चंदू निवासी चाडराठ जिला झांसी बताया। उन्होंने कबूल किया कि वह गाड़ी से जाकर चोरियों की घटनाओं को अंजाम देते थे और उन्होंने कई जगह चोरियां की हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने कहा कि आशीष पर 22 व चंद्रपाल पर चार मुकदमा कई थानों में दर्ज हैं। फिलहाल इनके विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया जा रहा है और गहराई से छानबीन भी की जाएगी।

# व्यापारी के गोदाम में चोरों ने लगाई सेंध 90 बोरी मटर लेकर फरार

**कालपी।** मंगलवार रात्रि गल्ला मण्डी परिसर स्थित गल्ला व्यापारी की गोदाम में चोरों ने सेंध लगा दी। जहां से चोर 90 बोरी मटर चोरी कर ले गए।

गल्ला मण्डी में व्यापारी की गोदामो से चोरी की घटना कोई नयी नही है बल्कि एक दो वर्ष के अन्तराल में ऐसी घटनाए घटित होती रहती है। हालांकि चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए मण्डी प्रशासन द्वारा आधा दर्जन सशस्त्र गार्ड भी रखे हैं। जो दिन रात मण्डी परिसर की सुरक्षा करते हैं लेकिन गल्ला चोरी का सिलसिला रूक नही रहा है। बुधवार सुबह फिर गल्ला का थोक कारोबार करने वाली फर्म योगेन्द्र सिंह सुरेश सिंह की गोदाम से 90 बोरी मटर चोरी हो गई है। व्यापारी के अनुसार सुबह जब आढत का ताला खोला तो उनकी गोदाम का पीछे के दरवाजे की कुन्दी खुली मिली तथा ताला टूटा मिला तो शक होने पर बाहर निकल कर देखा तो गोदाम के पीछे स्थित मण्डी समिति की चहारदीवारी के पास मटर की 10-12 बोरी रखी थी। पास ही फर्म की गुल्लक भी पड़ी थी जिसपर उन्होंने उसपार देखा तो वहा भी बडी मात्रा में मटर जमीन पर फैला पड़ा था और कुछ बोरी भी पड़ी थी। जिसपर उन्हें गोदाम से चोरी होने का शक हुआ और गोदाम को देखा तो वहा से मटर की लगभग 90 बोरी गायब थी। चोरी की पुष्टि होने के बाद व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहँस तिवारी के अनुसार गोदाम का अन्दर का ताला तोडकर चोरो ने घटना को अँजाम दिया है। लेकिन मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होने के बाद गोदाम मे दाखिल कैसे हुए यह यक्ष प्रश्न बन गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है इसके लिए आढती के आसपास लगे कैमरो को खँगाला जा रहा है।

### अधिवक्ताओं ने दिया एस डी एम को ज्ञापन

**मऊरानीपुर।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद व मालदा में हिंदुओं के ऊपर हुए अत्याचार की घटनाओं को लेकर अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे जाने हेतु एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप कर बताया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है इस मौके पर हरिश्चंद्र सोनी जगदीश पहारिया प्रवीण सूरौठिया संजय दीक्षित भूपेंद्र सिंगल सहित आदि अधिवक्ता गढ़ शामिल रहे।

# अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, एक की मौत दूसरा घायल

**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी अमित 22 वर्ष अपने दोस्त नीलेश के साथ ग्राम सिकरी व्यास किसी काम से गया था। बताया गया कि मंगलवार की देर अमित ग्राम खदानी अपनी बहन के यहां जा रहा था। इसी दौरान कोटरा थाना में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में गिर गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद मची चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि अमित बाहर रहकर किसी कंपनी में काम करता था। उसके पिता जगत सिंह गांव में रहकर मजदूरी करते हैं, वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।कोटरा थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि बाइक सवार नशे की हालत में थे, इसी से वह गिर गए थे, इसमें एक युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना परिजनों को दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### घर में घुस कर मारपीट करने का मामला दर्ज

**समथर।** समथर थाना क्षेत्रगत के ग्राम साकिन निवासी गोविन्द दास जाटव पुत्र रतिराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि दिनांक 14 मार्च 2025 को वह अपने घर में सो रहा था तभी रात्रि 2:00 बजे गांव का ही निवासी राहुल उसके मकान में घुस कर जाति सूचक गाली देने लगा जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने लाठी डंडों व लात घूंसो से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया मारपीट में उसके हाथ में फैक्चर हो गया था,जिसका उसने इलाज करवाया पुलिस ने तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही कर दी।

# जिलाधिकारी ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

### बोले डीएम-जिले की 49 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया घोषित

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लॉकों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने न्यूनतम प्रगति वाले छिरिया (जालौन) ब्लॉक की स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम व बीसीपीएम को सख्त चेतावनी देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में सुधार के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की समीक्षा में डकोर, पिण्डारी, नदीगांव और छिरिया ब्लॉकों की उपलब्धि को लक्ष्य से कम पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आगामी वित्तीय वर्ष में प्रतिमाह के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने पोर्टल में शत-प्रतिशत डेटा फीड करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद की 49 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, जिसे एक सकारात्मक उपलब्धि के रूप में सराहा गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम प्रसाद आयोध्या, सीएमएस आनंद उपाध्याय, सीएमएस मेडिकल प्रशांत निरंजन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा श्रवण से मिलती सत्कर्म की प्रेरणा

**उरई।** श्रीमद् भागवत कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। पीड़ा से मुक्ति मिलती है एवं सच्चे सुख का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त बातें अंतराष्ट्रीय कथा व्यास पूज्या देवी महेशवरी श्रीजी ने शहर के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन कही।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा समाज में प्रेम की संदेश देती है। सामाजिक सदभाव व शांति तथा आपसी भाईचारा के लिए भागवत कथा जरूरी है। कथा श्रवण से कष्ट दूर होते हैं। ईश्वर को पाने के लिए मंदिर में भटकने की जरूरत नहीं है। वो तो सभी जगह विराजमान हैं। भागवत कथा श्रवण से सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान कृष्ण ने लीलाओं के माध्यम से आदर्श को स्थापित किया जो



आज के दिन भी अति प्रासंगिक हैं। भागवत कथा सुनने से पाप दूर होते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि कलयुग में भागवत कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। कर्म को सबसे ब? धर्म की संज्ञा दी गई है। भगवान शंकर ने कर्म फल दायक को संरक्षित कर रखा। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें सोंचने एवं समझने की चेतना होती है। इस जीवन में अच्छे कर्म कर प्राणी हमेशा के लिए जन्म मृत्यु से मुक्ति पाकर परमधाम को प्राप्त कर सकता है। श्रीजी ने कहा कि मनुष्य को चाहिए कि वह मानव धर्म की रक्षा करते हुए सच्चे मार्ग पर चले। काम क्रोध लोभ मोह का त्याग कर ईश्वर की ओर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले परीक्षित तारा देवी पत्नी करण सिंह राजपूत ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं आये हुए लोगो का राष्ट्र चेतना सेवा न्यास की जिला संयोजक आशीष मिश्रा चमारी ने आभार जताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, अभिनेंद्र चतुर्वेदी, डॉक्टर केशव, रुपेश चतुर्वेदी, रमाकांत त्रिपाठी, सलिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# दो दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा मय माल चोर गिरफ्तार

**उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई चोरी की घटना से पुलिस ने पर्दा उठा दिया। जिसमें चोरी के माल के साथ शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवनी खुर्द निवासी गब्बर सिंह पुत्र कमलेश के घर में घुसकर अज्ञात चोर ने ट्रॉली बैग से एक जोड़ी सोने के वाला, रोल्ड गोल्ड की एक चैन व मंगलसूत्र मय पेंडिल व नगद 10 हजार चुरा लिए थे। इस चोरी को नदीगांव थाना पुलिस ने चुनौती मानते हुए अपने मुखबिर सक्रिय किए। परिणाम स्वरुप थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कुमार द्विवेदी ने चोरी के उक्त वारदात का खुलासा करते हुए हरिशंकर पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम शिवनी खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के माल के साथ 8100 रुपए नगद बरामद किए। इस चोरी की वारदात का खुलासा करने में थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक मुकेश कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, अजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार अभियुक्त हरीशंकर आदतन अपराधी है। इससे पूर्व भी नदीगांव थाना में इसके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं।

## संपादकीय

# मनुष्य जन्म जीवन जीने के लिए, मृत्यु के लिए नहीं : पोप

**कैथोलिक** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया है। पोप फ्रांसिस ने एक धर्म गुरु के रूप में सारी दुनिया को मानव जाति के लिए, बिना किसी भेदभाव के जीवन का उद्देश्य और जीवन जीने का तरीका बताया है। वह वर्तमान समय में सभी के लिए प्रेरणादायक है। फ्रांसिस पोप का कहना था मनुष्य जन्म, जीवन जीने के लिए होता है। जन्म और मृत्यु सत्य है। जीवन जीने के लिए मिलता है। इसका उपयोग सभी को करना चाहिए। 1300 वर्षों के इतिहास में वह पहले गैर यूरोपीय पोप बने। अर्जेंटीना में उनका जन्म हुआ था, मां-बाप अप्रवासी के रूप में इटली लेकर आए थे। पादरी बनने के पहले वह एक क्लब में बाउंसर के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में एक केमिकल लेब में भी काम किया। अर्जेंटीना के एक कॉलेज में साहित्य और मनोविज्ञान के शिक्षक के रूप में भी काम किया। 21 साल की उम्र में वह जेसुइट समुदाय में शामिल हुए, बाद में उन्हें ब्यून आर्यस मे पादरी बनाया गया। 2001 में उन्हें पोप जान पॉल द्वितीय के रूप में कार्डिनल पद की जिम्मेदारी दी गई। 2013 में वह 266 वें पोप के रूप में नियुक्त हुए। पोप के पद में निर्वाचित होने के बाद उन्होंने पोप के लिए बने भव्य पैलेस में रहना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने एक साधारण गेस्ट हाउस को अपना निवास स्थल बनाया। शक्ति की प्रतीक सोने की अंगूठी के स्थान पर उन्होंने चांदी की अंगूठी पहनी। आर्क बिशप के पद पर होने के बाद भी उन्होंने कभी भी महंगी कारों में बैठना स्वीकार नहीं किया। वह पब्लिक बस और मेट्रो में सफर करना पसंद करते थे। आम जनता और गरीबों से जुड़े रहकर, उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को बेहतर संदेश देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। परंपरा के अनुसार ईस्टर के पहले पोप गरीबों के पैर धोते हैं। 2024 में पोप ने रोम की जेल में सजायाप्ता महिलाओं के पैर धोकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। पोप गरीबों के बीच सहज व्यवहार और दरियादिली के कारण भगवान के रूप में पूजे जाते थे। गरीबों के मन में उनके प्रति अगाध श्रद्धा थी। पोप रात में सड़कों पर निकालकर गरीबों को दान देते थे, उनकी हर संभव मदद करते थे। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विचारों से पोप फ्रांसिस कभी सहमत नहीं रहे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दीवार बनाने की योजना को पोप ने नकार दिया था। पोप ने ट्रंप को समझाया था, दीवारें बनाने वाले खुद दीवार के अंदर कैदी बन जाते हैं। इसका मतलब आसानी से समझा जा सकता है। मानव जाति के बीच में दीवार खड़ा करना प्रकृति के विपरीत है। उन्होंने मानव जाति को एक दूसरे से अलग रखने को प्रकिृति एवं धर्म के विपरीत बताया था। मनुष्य को किसी सीमा में बांधने को वह धर्म के विपरीत मानते थे। इससे समझा जा सकता है, पोप फ्रांसिस का सारी दुनिया के लिए क्या महत्व था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन के लड़के का 2015 में निधन हो गया था। पूर्व राष्ट्रपति जो वाईडेन पोप का बहुत सम्मान करते थे। दोनों के बीच 90 मिनट तक बातचीत हुई, जो अभी तक पोप के साथ लंबी बातचीत के रूप में जानी जाती हैं। एक धर्म गुरु के रूप में उन्होंने मनुष्य जीवन के यथार्थ को समझाते हुए कहा था, मानव जन्म स्वयं और दूसरों के जीवन के लिए है। मृत्यु एक यथार्थ सत्य है। मनुष्य के रूप में हमें जीवन जीने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने ईसाई धर्म को किसी सीमा में बांधने का प्रयास नहीं किया। मानव जीवन का सही उद्देश्य समझाने में उन्होंने पोप के रूप में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने संपूर्ण मानव जाति एवं जीव कल्याण की दशा में अपना जीवन समर्पित किया है। ऐसे बिरले पुरुषों का जन्म एक बड़े उद्देश्य के लिए होता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के उत्थान के समर्पित किया है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बेसिलिका चर्च मे पोप का शव रखा है। वहां 9 दिन का शोक घोषित किया गया है। रोजाना हजारों लोग वहां पहुंचकर अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुछ दिनों पहले पोप से मुलाकात हुई थी। भारत ने भी 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पोप के रूप में फ्रांसिस मानव कल्याण के रूप में जो काम किया है। वह असाधारण है। उन्होंने परंपराओं को तोड़ते हुए मानव जीवन के लिए सार्थक संदेश दुनिया को देने का काम किया है।

– सनत जैन

## राज काज

### फ्री में, पतंजलि के शरबत का करोड़ों का विज्ञापन ?

बाबा रामदेव से बड़ा व्यापारी आज सारी दुनिया के देशों में और कोई नहीं है। बाबा जिस दिलेरी के साथ पतंजलि के उत्पाद को बेचने के लिए ऐसा कुछ कर देते हैं। जो लोगों को बाद में समझ में आता है। बाबा का जितना विरोध होता है। उतना ही उनके उत्पाद का प्रचार हो जाता है। बाबा ने पतंजलि का शरबत बेचने के लिए एक अन्य उत्पाद को मस्जिद और मदरसे से क्या जोड़ा, पतंजलि के शरबत का देश और दुनिया में फ्री में प्रचार हो गया। पत्रकार और राजनीतिक दल भी उस प्रचार में शामिल हो गए। बाबा रामदेव खाटी बनिया है। यदि कोई उल्टा मामला पड़ा, तो माफी भी मांग लेंगे। उन्होंने रूह अफजा का नाम नहीं लिया था। लेकिन रूह अफजा के पैरलल उनका शरबत बाजार में बिकने लगा है।

### राहुल गांधी और कांग्रेस ने मोदी शाह की चिंता बढ़ाई

पिछले 4 महीने से राहुल गांधी बड़ी आ मक मुद्रा में सरकार और भाजपा पर हमले कर रहे हैं। संसद सत्र के दौरान जिस तरह से इंडिया गठबंधन ने एक जुटता का प्रदर्शन किया है। उससे सरकार की चिंता बढ़ गई है। वक्फ बिल पास होने के बाद जिस तरह से इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दल एवं मुस्लिम संगठन जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्लिम और दलित की नई राजनीति की बिसात बिछाई जा रही है। उसको देखते हुए एक बार फिर ईडी को स य किया गया है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस को निष्ि य करने के लिए ईडी को फिर से लगा दिया गया है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली बार अमेरिका जा रहे हैं। अमेरिका में ईडी की कार्यवाही उनके साथ परछाई की तरह चलेगी।

### हाँका लगाकर, ममता बनर्जी का शिकार करना चाहती है भाजपा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शिकार करने, भाजपा ने पुराने शिकारियों की तरह ममता बनर्जी को घेरने के लिए हाँका की रणनीति अपनाई है। ढोल ढमाके के साथ शिकारी हथियारों के साथ शिकार को उस स्थान पर ले जाते थे जहां उसका आसानी से शिकार हो जाए। ममता बनर्जी का शिकार करने के लिए गृह मंत्रालय के सुरक्षा बल, राज्यपाल, भाजपा संगठन, हाईकोर्ट, महिला आयोग और मीडिया द्वारा पहले ममता बनर्जी को घेरने की कोशिश होती है। जहां आसानी से शिकारी अपने शिकार कोई या तो जिंदा पकड़ ले, या हथियारों के बल पर उसका शिकार कर ले। मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल कानून के बहाने ममता बनर्जी को घेरने का काम चल रहा है। बाहर से आदमियों को बुलाकर वहां दंगा कराया गया है। पुलिस जांच में ऐसे लोग मिले हैं। जिन्हें बंगाली भाषा नहीं आती है। इस खुलाशे के बाद ममता बनर्जी ने भी बजाये भागने के मुकाबला करने की रणनीति अपना ली है। अब देखना यह है, पश्चिम बंगाल की इस लड़ाई में ममता बनर्जी शिकारियों से बच पाती हैं। या उनका शिकार बन जाती हैं।

# पुस्तकें कल्पवृक्ष भी हैं और कामधेनु भी

विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषत: बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।



ललित गर्ग

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस डून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए।



विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष

पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- 'कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें।' शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है।

# फ़ैशन : फटी जींस मक़सद और संदेश ?

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं। किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुये कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिये। परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं।



निर्मल रानी

न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को फ़ैशनेबल साबित करना मात्र है। ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है फटी जीन अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूँकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज़्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फ़िट , स्लिम फ़िट , टेपर्ड, रेगुलर फ़िट , और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रूपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया ? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता ?

## सुविचार

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है। **- अज्ञात**

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है। **- मैक्स लर्नर**

## प्रसंग

### पुरस्कार

पुराने जमाने में एक राजा था। उसे सुंदर इमारतें बनवाने का शौक था। उसने दूर-दूर से कुशल शिल्पियों को अपने राज्य में बुला रखा था ताकि वे राज्य में और सुंदर-सुंदर इमारतों व विशाल प्रासादों और भवनों का निर्माण कर सकें। राजा शिल्पियों का आदर भी करता था और उन्हें उचित पारिश्रमिक के अलावा पुरस्कार भी देता था। इन्हीं शिल्पियों में एक अत्यंत अनुभवी शिल्पी भी था जो अब वृद्ध हो गया था। उसने वर्षों तक राज्य की सेवा करते हुए अनेक उत्कृष्ट भवनों का निर्माण किया था। एक दिन वृद्ध शिल्पी ने राजा से कहा, महाराज मैंने जीवन भर राज्य की सेवा की है लेकिन अब मैं वृद्ध हो गया हूं इसलिए मुझे राज्य की सेवा से मुक्त करने की कृपा करें। राजा ने वृद्ध शिल्पी की बात बड़े ध्यानपूर्वक सुनी और उससे कहा, महान शिल्पी आपकी सेवाओं के लिए मैं ही नहीं, पूरा राज्य आपका कृतज्ञ है। आपको सेवानिवृत्त होने का पूरा अधिकार है लेकिन मेरी ख्वाहिश है कि सेवानिवृत्ति से पहले आप मेरे लिए एक भवन और बनाओ जो आज तक बने सभी भवनों से श्रेष्ठ व उत्कृष्ट हो। शिल्पी राजा की ख्वाहिश को कैसे टाल सकता था! वह भवन बनाने में जुट गया लेकिन बेमन से उसने उस श्रेष्ठता व उत्कृष्टता का परिचय नहीं दिया जिसकी उससे अपेक्षा थी। बस किसी तरह भवन पूरा कर दिया और राजा से पुनः सेवामुक्ति की प्रार्थना की। राजा ने कहा, मैं आपकी कला से अत्यंत प्रभावित हूं और इसीलिए मैंने आपसे इस उत्कृष्ट भवन का निर्माण करवाया है ताकि आपको पुरस्कार स्वरूप यह भवन दे सकूं।

## जरा हटके

# सिर्फ 10 लाख सूर्यों के द्रव्यमान वाले हेलो भी तारे पैदा करने में नाकाम

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** हम जानते हैं कि गैलेक्सीज डार्क मैटर के गुरुत्वाकर्षणीय कुएं में जन्म लेती हैं, लेकिन कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के एस्ट्रोफिजिसिस्ट ईथान नैडलर ने एक चौंकाने वाली खोज की है। उनके मुताबिक, कुछ डार्क मैटर हेलो इतने हल्के होते हैं कि वे तारे पैदा ही नहीं कर पाते। यानी, ये ऐसे खोखले गोले हैं जिनके भीतर कोई गैलेक्सी नहीं है। पहले वैज्ञानिकों का मानना था कि सिर्फ 10 करोड़ से 1 अरब सूर्यों के द्रव्यमान वाले डार्क मैटर हेलो ही तारे नहीं बना सकते। लेकिन नैडलर ने पाया कि सिर्फ 10 लाख सूर्यों के द्रव्यमान वाले हेलो भी तारे पैदा करने में नाकाम रहते हैं। यह खोज बताती है



कि ऐसे 'डार्क' हेलो पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा संख्या में मौजूद हो सकते हैं। चूंकि ये हेलो पूरी तरह अदृश्य हैं, इसलिए वैज्ञानिक उन्हें गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग के जरिए खोजने की कोशिश कर रहे हैं। अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत के मुताबिक, डार्क मैटर हेलो अपने गुरुत्व से प्रकाश को मोड़ सकते हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और रूबिन ऑब्जर्वेटरी जैसे उपकरण अब ऐसे 1 करोड़ सूर्यों के द्रव्यमान वाले हेलो का पता लगाने में सक्षम हैं। यह डार्क मैटर के व्यवहार को समझने में मदद करेगी। इससे ब्रह्मांड की संरचना के बारे में हमारी समझ बदल सकती है। वैकल्पिक डार्क मैटर सिद्धांतों (जैसे वार्म या सेल्फ-इंटरेक्टिंग डार्क मैटर) की पुष्टि या खंडन करने में मदद मिलेगी नैडलर का कहना है, 'अगर ये 'डार्क' हेलो मिल जाते हैं, तो यह बड़ी सफलता होगी। लेकिन अगर नहीं मिलते, तो यह भी उतना ही दिलचस्प होगा। क्योंकि इसका मतलब होगा कि हमारे मौजूदा डार्क मैटर मॉडल गलत हैं।' अगले कुछ सालों में जेडब्ल्यूएसटी और अन्य टेलीस्कोप्स से मिलने वाले डेटा शायद इस रहस्य को सुलझाने में मदद करेंगे।

## फोटो ऑफ द डे



मनीला केथेड्रल में पोप फ्रांसिस की तस्वीर के सामने मोमबत्ती जलाती हुई एक महिला। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# मनीप्लांट

–सुधीर ओखदे

पत्नी की इच्छा थी कि घर में मनीप्लांट लगाया जाए। इच्छाएँ तो उसकी अनंत थीं, जैसे बंगला बनवाया जाए, कार ख़रीदी जाए, कुत्ता रखा जाए, बच्चों को पब्लिक स्कूल में भर्ती कराया जाए, अपने बाल कटाए जाएँ, पति के बाल बढ़वाएँ जाएँ। लेकिन जानती थी कि ये सभी बातें असंभव हैं। उसका पति न मंत्री है, न संत्री। न ही प्रवचन देने वाला धर्म गुरु। फिर भला उसकी इतनी इच्छाएँ क्यों कर पूरी होंगी!

उसने एक कुत्ता रखा था। देसी नस्ल का। जो किसी को रास नहीं आया। उसे भी नहीं। चाहती थी कि विदेशी नस्ल का कुत्ता रखे। पर कुत्ते की कीमत पति की महीने भर की पगार से भी ज़्यादा होने से उसने पति रखना ही उत्तम समझा। देसी कुत्ता कहीं भी मुँह मारता था। घर छोड़ कर भाग जाता था। बाद में खुद ही पूँछ हिलाता वापस आ जाता था। पत्नी ने कहा, बिलकुल तुम पर गया है। एक ही स्वभाव के दो लोगों को घर में नहीं रख सकती।

किसी ने पत्नी को बताया कि मनीप्लांट माँग कर या ख़रीद कर नहीं, चुरा कर लगाया जाए, तो फलता-फूलता है। मैंने सोचा पैसा भी चोरी से ही फलता-फूलता है। पत्नी ने आदेश दिया कि मनीप्लांट कहीं से भी चुरा लाओ। मैंने कहा, भागवान! यही आदत होती तो तुम्हारी अनंत इच्छाएँ पूरी नहीं कर देता। बंगला होता, कार होती, कुत्ता होता, तो मनीप्लांट भी आपने आप होता।

पत्नी बोली, मैं जानती थी कि तुम कहीं न कहीं रोड़ा ज़रूर अटकाओगे। अब चोरी करने भी क्या मैं जाऊँ? लाज-शरम तो जैसे बेच खाई है तुमने। संस्कार भी कोई चीज़ होती है। कहीं भले घर की औरतें चोरी करती हैं?

मैंने मन ही मन सोचा, ठीक कहा तुमने। औरतें खुद कहाँ कुछ करती हैं। ऐसे काम करवाने के लिए उनके पास पति नाम का बेवकूफ़ होता है न! रामायण, महाभारत से लेकर स्वतंत्र भारत तक औरतों ने कहाँ कुछ किया है!

मनीप्लांट तुम ही चुराओगे। बस! आगे मैं कुछ नहीं जानती। उस समय वह मुझे कैकयी, मंथरा और द्रौपदी की तरह दिखाई दी। कोपभवन में उसने अपने केश बिखरा दिए थे, जो मेरे मनीप्लांट चुराने के उपरांत ही पुन-सजने वाले थे। मैंने रामखिलावन से पूछा, तुम्हें चोरी का कोई तजुर्बा है? यदि हो तो बताओ?

रामखिलावन एक पुजारी के पड़ोस में रहता था। सो उसने इनकार नहीं किया। उसने कहा, चोरी वह होती है, जो पकड़ी जाए। तुम कैसी चोरी करना चाहते हो? बिजली की चोरी, सरकारी फ़ोन से कॉल की चोरी, कर की चोरी, ऑफ़िस स्टेशनरी की चोरी, सरकारी वाहन के दुरुपयोग की चोरी या पैसे की चोरी? पैसे की सीधी चोरी को छोड़ दिया जाए, तो बाकी की चोरियाँ, चोरी की श्रेणी में नहीं आतीं।

तुम्हारे घर के सामने कार्यालय का वाहन खड़ा रहे। तुम्हारे बीबी-बच्चों को निजी कामों के लिए सरकारी वाहन की सवारी प्राप्त हो, तो समाज में तुम्हारी प्रतिष्ठा बढ़ती है। तुम कैसी चोरी करना चाहते हो? मैंने बताया कि मैं मनीप्लांट चुराना चाहता हूँ। उसने कहा, चुरा लो। कौन रोकता है तुम्हें।

मैं किसी मनीप्लांट चुराऊँ तो कोई मुझे कुछ नहीं कहेगा? व्यापारी अपने उत्पादन विज्ञापन का पैसा तुम से चुराता है तुम कुछ कहते हो उसे? नेता जातिवाद फैलाकर तुम्हारा वोट चुराता है, तब तुम कुछ कहते हो उसे? डॉक्टर ग्राहक संरक्षण नियम का हवाला दे कर जब तब तुम्हारा खून चूसता है तुम कुछ कहते हो उसे?

## चिंतन-मनन

# कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अत-वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठलोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है।

## रोचक

# एक साल पुराने चावल होते हैं सबसे अच्छे

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आयुर्वेदिक तरीके से चावल पकाने पर यह पोषक तत्वों से भरपूर और हेल्दी बनता है। हम चावल को सही तरीके से पकाकर इसके फायदे उठा सकते हैं। चावल पकाने के लिए सबसे पहले सही चावल का चयन करना जरूरी है।

आयुर्वेद के अनुसार, लगभग एक साल पुराने चावल सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि इनमें अधिक पोषक तत्व होते हैं। आप ब्राउन, रेड या बासमती चावल में से कोई भी चावल चुन सकते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त हो। इसके बाद, चावल को कम से कम आधे घंटे और अधिकतम एक घंटे तक भिगोना चाहिए। भिगोने से चावल के एंजाइम्स और न्यूट्रिएंट्स सक्रिय हो जाते हैं, जिससे पकाने में आसानी होती है और यह डाइजेस्ट भी जल्दी हो जाता है। चावल को ज्यादा पानी में पकाना भी एक महत्वपूर्ण तरीका है। आयुर्वेद के अनुसार, चावल को ज्यादा पानी में पकाने से उसके स्टार्च और हैवीनेस बाहर निकल जाते हैं, जिससे यह पचने में आसान हो जाता है। पकने के बाद एक्स्ट्रा पानी को निकाल देने से चावल हल्का और पोषक तत्वों से भरपूर रहता है। यह तरीका खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जिन्हें कफ और टॉक्सिसिटी की समस्या होती है। आयुर्वेद में प्रेशर कुकर का उपयोग न करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि प्रेशर कुकिंग से भोजन की ऊर्जा और प्राण खत्म हो जाते हैं।

# पहलगाम हमले पर संवेदनाओं के बीच पाकिस्तान ने भारत पर लगाया आरोप

### कहा- भारत में ही कई विद्रोही संगठन जो नीतियों की वजह से उठा रहे हथियार

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अब तक 28 पर्यटकों की मौत हो चुकी है, लेकिन दुनिया भर से संवेदना और समर्थन मिलने के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर पाकिस्तानी नेतृत्व की पुरानी आदत को उजागर किया है। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया है कि पहलगाम हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके तुरंत बाद उन्होंने भारत में गृह विद्रोह, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, और दिल्ली की हिंदुत्व हुकूमत का राग अलापते हुए भारत पर तीखा हमला बोला।आसिफ का कहना था कि भारत के अंदर ही कई विद्रोही संगठन हैं। नागालैंड से मणिपुर तक। वहां खुद की नीतियों की वजह से लोग हथियार उठा रहे हैं। पाकिस्तान पर इल्जाम लगाना आसान है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की सरकार अल्पसंख्यकों खासतौर से मुसलमान, ईसाइयों, बौद्धों का शोषण कर रही है और जो बगावत है, वह उसी का परिणाम है। इस बयान को भारत ने एक भटकाने की कोशिश और आतंक को वैचारिक आधार देने की चाल बताया है।इस बीच भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने साफ कहा है कि इस हमले की जिम्मेदारी द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। जनवरी 2023 में भारत ने टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया था और इसका सीधा लिंक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से होने के प्रमाण मौजूद हैं। ख्वाजा आसिफ ने जवाबी हमला करते हुए आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में भारत की गतिविधियां संदिग्ध हैं, लेकिन यह बयान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की छवि सुधारने की कोशिश से ज्यादा एक बचाव की मुद्रा मानी जा रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान का यह रवैया कोई नया नहीं है। हर आतंकी हमले के बाद वह एक ही स्क्रिप्ट दोहराता है- पहले इनकार, फिर भारत पर आरोप और आखिर में मुस्लिम उत्पीड़न की बात करके ध्यान भटकाने की कोशिश।



जकार्ता में दिवंगत पोप फांसिस को श्रद्धांजलि देते हुए एक व्यक्ति।

# पहलगाम हमला : अरब देशों ने की आतंकी हमले की कड़ी निंदा, भारत के साथ खड़े होने की कही बात

### आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की जरूरत पर दिया जोर



**अबू धाबी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कड़े प्रतिरोध और संवेदनाएं सामने आई हैं। 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या के बाद खाड़ी देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान, इराक आदि ने इस हमले की तीखी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने की बात कही है।

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पीएम मोदी के साथ बातचीत में पहलगाम हमले को नृशंस और कायराना बताया है। उन्होंने मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई और भारत के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने के संकल्प दोहराया। इस मुद्दे पर दोनों नेताओं की बातचीत मोदी के सऊदी दौरे के दौरान हुई थी, जिसे हमले की गंभीरता के चलते पीएम मोदी ने दौरा रद्द कर वापस भारत लौट आए।

भारत के रणनीतिक सहयोगी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाए गए आतंकी हमले की घोर निंदा करता है। यह एक अमानवीय और घिनौना कृत्य है। बयान में आतंक के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की जरूरत पर भी जोर दिया गया। वहीं ईरान, जो क्षेत्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली देश है, उसने भी इस हमले को क्रूर करार देते हुए भारत के प्रति गहरी सहानुभूति जताई है।

नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने लिखा- हम पहलगाम में हुए इस बर्बर हमले की निंदा करते हैं। पीड़ितों के परिजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं और हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। सऊदी अरब, यूएई और ईरान ने अपने बयानों में पाकिस्तान का नाम नहीं लिया लेकिन आतंकवाद के खिलाफ पूर्ण सहयोग, संयुक्त संघर्ष और दोषियों को सजा जैसे शब्दों के इस्तेमाल को विशेष पाकिस्तान के लिए एक स्पष्ट संदेश मान रहे हैं।

## चीन ने अमेरिका को दिया बड़ा झटका 86 प्रतिशत रोक दिया निर्यात

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 245 फीसदी का टैरिफ लगाए जाने के बाद चीन ने पहले अमेरिकी बोइंग विमानों को खरीदने से इनकार कर दिया था और अब उसने अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोक दी है। सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले दुर्लभ खनिजों की सभी सप्लाई करीब-करीब रोक दी गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में चीन ने अमेरिका को निर्यात होने वाले एक अन्य खनिज पदार्थ इटट्रियम की सप्लाई में 86 फीसदी की कटौती की है। इसी तरह स्कैंडियम के निर्यात में दो तिहाई की कटौती की गई है। बता दें कि चीन टंगस्टन के कुल वैश्विक उत्पादन में 83 फीसदी, बिसमथ में 81 फीसदी, टेल्यूरियम में 75 फीसदी, इंडियम में 70 फीसदी और मोलिब्डेनम में 42 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है। इन खनिज तत्वों का इस्तेमाल एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में होता है। इन खनिजों के निर्यात पर बैन और सप्लाई में आई बड़ी कमी से अमेरिका का न केवल सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां और इंडस्ट्री दबाव में हैं बल्कि स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों से लेकर अत्याधुनिक सैन्य उपकरण बनाने वाली कंपनियां भी परेशान हैं। दरअसल, इन कंपनियों और निर्माण उद्योग में इस्तेमाल होने वाली दुर्लभ खनिजों के भंडार और शोधन एवं प्रसंस्करण पर चीन का एकाधिकार है। इसीलिए चीन ने अमेरिका को जबाव देने के लिए सबसे पहले इन खनिजों की सप्लाई पर ब्रेक लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों के निर्माण में इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर उपयोग की जाने वाली धातु टेल्यूरियम के निर्यात में करीब 44 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## पुतिन ने माना पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नहीं करेंगे हमले

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से उस प्रस्ताव पर बातचीत करने पर सहमति जताई है, जिसमे कहा गया था कि दोनों ही देश एक दूसरे के पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले नहीं करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्रों व रिहायसी इलाकों में हमले रोकने की बात पर राजी होते पुतिन ने आगे और भी बातचीत के लिए रास्ते खुले होने की बात कही है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव का कहना था कि यह वाकई एक जटिल मसला है, जिस पर राष्ट्रपति पुतिन बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह अलग बात है कि पेस्कोव यह भी बताते हैं कि फिलहाल रूस और यूक्रेन के बीच किसी तरह की कोई बातचीत के लिए कोई ठोस योजना बनाई नहीं गई है। ऐसे में हमले कब और कैसे होंगे या नहीं होंगे इस पर शंका बरकरार है।

## आज का इतिहास 24 अप्रैल

1743 आविष्कारक एडमंड कार्टराइट का जन्म हुआ.

1858 प्रसिद्ध क्रांतिकारी कुंवरसिंह की मृत्यु हुई.

1972 प्रसिद्ध चित्रकार जामिनी राय का निधन हुआ.

1974 हिन्दी के जाने माने कवि रामधारी सिंह दिनकर का निधन हुआ.

1986 लंदन में बम विस्फोट में ब्रिटिश एयरवेज कार्यालय और कई इमारतें नष्ट हो गई.

1989 मुस्लिम विद्रोहियों ने जलालाबाद शहर में गोलीबारी की, जिससे 54 व्यक्ति मारे गये.


1991 दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस से किए गए समझौते का सम्मान करने की घोषणा की.

1992 ओपोक ने ईरान के अधिक तेल उत्पादन का आग्रह ठुकरा दिया.

1993 इंडियन एयरलाइंस विमान के अपहर्ता को कमांडो दस्ते ने मारकर 141 यात्रियों को मुक्त करा लिया.

2004 भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 117 अरब डॉलर का हुआ.

## काकुरो पहेली - 6888




## प्रसंगतः विश्वास

एक संत अपने शिष्यों के साथ नाव से नदी पार कर रहे थे। अचानक तेज हवाएं बहने लगीं और नदी में पानी उछलने लगा। संत की नाव के साथ जो नावें चल रही थीं, वे बुरी तरह थरथराने लगीं। कुछ ही क्षणों में लहरों का पानी नाव के भीतर आने लगा। शिष्य बुरी तरह डरने लगे। नाव के एक कोने में एक शिष्य बेफिक्र सोया था। उसके साथियों ने उसे झकझोर कर जगाया। उसने पूछा, 'क्या बात है, मुझे किस कारण से जगाया है?' उसके साथियों ने तूफान के बारे में उसे बताया। उस शिष्य ने बहुत शांति से चारों ओर नजरें घुमाकर देखा और कहा, 'तूफान आते ही हैं और मनुष्य का भी अंत होता ही है। इसमें ऐसी कौन सी आश्चर्यजनक बात है।' सभी साथी उसका उत्तर सुनकर सन्न रह गए। भयभीत साथियों के उत्तर की प्रतीक्षा किए बिना उस शिष्य ने आंखें बंद कर लीं। उसके साथी समझ रहे थे कि उसने संकट को भली-भांति पहचाना नहीं है। इसी कारण वह स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ पा रहा है। उधर अपनी मस्ती में खोए हुए उस शिष्य ने आंखें बंद करके दोनों हाथ ऊपर उठाकर भगवान से प्रार्थना प्रारंभ की। अन्य साथियों ने समझा कि यह अपना अंतिम समय निकट जानकर भगवान से अपनी भूलों के लिए क्षमा मांग रहा है लेकिन शिष्य ने आंखें बंद किए हुए ही कहा, 'ऐ तूफान, तुम तुरंत शांत हो जाओ ताकि हम सुरक्षित उस पार पहुंच जाएं।' तूफान तुरंत शांत हो गया। नाव का हिलना बंद हो गया। शिष्यों ने भी चैन की सांस ली। उसके साथियों ने उस शिष्य से पूछा, 'आखिर तुमने ऐसा क्या किया कि इस भयंकर तूफान को शांत कर दिया।' वह सहजता से बोला 'मित्रो, विश्वास की शक्ति असीम है। तूफान विश्वास से बड़ा नहीं हो सकता। अपने विश्वास पर सदा अडिग रहना चाहिए।'

## दैनिक पंचांग

**24 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.44 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 08.43 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.56 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.12 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.24 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.35 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.49 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.05 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.11 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 01.57 बजे से |
| | | मीन | 03.30 बजे से |
| | | मेष | 05.00 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 114 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 14.33 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 10.49 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 15.56 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.33 बजे तदनन्तर कौलव 01.13 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 52' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872324 **जूलियन दिन** 2460789.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 25 **विशेष** वरूथिनी एकादशी, वल्लभाचार्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 | से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 | से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 | से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 | से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 | से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि एकादशी, गुरुवासरे, शत भिषा/ पूर्वाभाद्र पक्ष नक्षत्रे, वृण योगे, वालवकरणे, मीन की चंद्रमा, वरुथनी एकादशी व्रत, जातकर्म, नामाकरण, लघु वृक्षारोपण, व्यापार, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तमवृत्ति वाला, बुद्धिमान, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, धनी होगा।




**मेष राशिः** व्यापार में लाभ, कुसंग से हानि के योग, रुके कार्य पूर्ण अवश्य ही होंगे।

**वृष राशिः** संतान सुख, भूमि से हानि, शुभ कार्य में खर्च के योग हैं, मुकदमे में जीत होगी।

**मिथुन राशिः** कार्य बाधा, अल्प लाभ किन्तु व्यापार से हानि होगी तथा लॉटरी से विशेष हानि।

**कर्क राशिः** अधिकारियों से विवाद, कार्यबाधा, पूंजी-सम्पत्ति से लाभ होगा, कार्य अवश्य ही होगा।

**सिंह राशिः** अभीष्ट सिद्धी, मातृ-कष्ट तथा विवाद होगा, लाभ, विद्या में बाधा होगी।

**कन्या राशिः** संतान कष्ट, विद्या बाधा, परेशानी, गुरुजनों से हानि, लाभ होगा, कार्य अवश्य होगा।

**तुला राशिः** भूमि से हानि, वाहन सुख, शासन से लाभ होगा, समय का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशिः** शासन से लाभ, यात्रा से हानि, कार्यवृत्ति में सुधार होगा, विशेष कार्य बनेंगे।

**धनु राशिः** उद्योग में सफलता लेकिन नौकरी में बाधा होगी तथा खर्च अधिक होगा।

**मकर राशिः** शत्रु से हानि, स्त्री-संतान सुख तथा पदोन्नति की संभावना बनेगी।

**कुंभ राशिः** विवाद, जमीन-जायजाद में बाधा किन्तु रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**मीन राशिः** व्यापार में बाधा, उदर विकार तथा प?ोसी से हानि के योग है, व्यर्थ खर्च होगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

## पाकिस्तानी एयर मार्शल जवाद सईद का कोर्ट मार्शल, एयरफोर्स में बगावत की मिली सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने अपने ही एयर चीफ मार्शल का रिटायरमेंट से पहले कोर्ट मार्शल कर दिया है। एयर मार्शल जवाद सईद को पिछले साल पाकिस्तानी एयरफोर्स में सीनियर अधिकारियों के करप्शन को उजागर करने के बाद कई सीनियर अधिकारियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जवाद सईद के साथ साथ एयर मार्शल अहसान रफीक, एयर मार्शल तारिक, विंग कमांडर वकास और विंग कमांडर शिराजी सहित 10 अन्य अधिकारियों को भी पाकिस्तान वायुसेना प्रमुख जहीर बाबर सिद्धू के भ्रष्टाचार को उजागर करने और इस बारे में श्वेत पत्र लिखने की वजह से कोर्ट मार्शल किया गया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के एक पत्रकार ने इन लोगों की पहचान का खुलासा आईएसआई के सामने कर दिया था, जिसके बाद इन लोगों को ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था।

ताजा रिपोर्ट के मुताबिक उनका कोर्ट मार्शल कर दिया गया है। उन्हें सेना में विद्रोह समेत कई आरोपों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें पाकिस्तानी वायुसेना के मेस में हिरासत में रखा गया है। पाकिस्तान एयरफोर्स ने इस बाबत इस्लामाबाद हाईकोर्ट को इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार करने के बाद उन्हें एयर मार्शल के पद से भी हटा दिया गया था। यह जवाद सईद हैं जिन्होंने भारत के बालाकोट हमले के बाद जवाबी हवाई हमले की साजिश रची थी।

पाकिस्तानी सेना के पूर्व अधिकारी आदिल रजा ने दावा किया है कि पूर्व एयर मार्शल जवाद सईद को सरकारी गोपनीयता अधिनियम और विद्रोह मामलों में जेल की सज़ा सुनाई गई है। उन्होंने कहा है कि रिटायरमेंट से पहले जवाद सईद का नाम पाकिस्तान वायु सेना के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों के शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को एयर चीफ की नियुक्ति के लिए भेजा गया था। लेकिन उनका असली अपराध मौजूदा एयर चीफ के भ्रष्टाचार को उजागर करना है। रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज ने कहा था कि चूंकि जवाद सईद के ठिकाने के बारे में पहले से ही पता था।

## पहलगाम हमलाः पाकिस्तान वायुसेना रही अलर्ट, फ्लाइट रेडार 24 के स्क्रीनशॉट सामने आए

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद भारत कुछ बड़ी कार्रवाई करेगा, इसका डर पाकिस्तान को सताने लगा है। भारत की कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तानी वायुसेना रात भर अलर्ट रही। फ्लाइट रेडार डेटा में दर्ज पाकिस्तानी वायुसेना की असामान्य गतिविधियों से इसका पता चलता है। सोशल मीडिया एक्स पर फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रेडार 24 के स्क्रीनशॉट सामने आए हैं, जिसमें पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख विमानों को करांची स्थित दक्षिणी वायु कमांड से लाहौर और रावलपिंडी के पास उत्तर में स्थित ठिकानों की ओर जाते दिखाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एयरपोर्स ने भारतीय सीमा के पास अपनी उपस्थिति बढ़ानी शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने क्षेत्र में हवाई निगरानी को बढ़ाने के लिए साब एरिए एयरबॉर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट को तैनात किया है। एरिए सिस्टम एयर क्राफ्ट, मिसाइल और लंबी दूरी पर जमीनी लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम है, जो पाकिस्तानी वायुसेना को त्वरित कार्रवाई करने की क्षमता के लिए तैयार करता है। पाकिस्तानी वायु सेना की तैनाती बताती है कि वह किसी तरह का चांस नहीं लेना चाहती है। खासतौर पर पहलगाम हमले के बाद जब भारत गुस्से में हैं। यह 2019 के पुलवामा में हुआ आतंकी हमले के बाद क्षेत्र में सबसे बड़ा हमला है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पेंशनर्स की मासिक मीटिंग अपर एसपी ने ली और दिये सख्त निर्देश

**बांदा।** पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी शिवराज की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई।पिछले मीटिंग में दिये गये प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए सभी को अवगत कराया गया तथा शिकायती प्रार्थना पत्र जमीन विवाद सम्बंधित प्रस्तुत किए गए शीघ्र निस्तारित करने केलिए आश्वाशन दिया गया सभी पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज जी ने साइबर अपराधों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ठगी के शिकार हो जाते हैं ऐसे लोगों से बचने केलिए समस्त पेंशनर्स भाइयों को विस्तार से बताया गया और यदि इस प्रकार की घटना घटित हो जाती है तो पैसा वापसी कराने के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने की जानकारी दी गई। प्रतिसार निरीक्षक, प्रधान लिपिक ,एकाउंटेंट आदि मीटिंग में उपस्थित हुए एवं करीब 50 पुलिस पेंशनर्स सदस्य गढ मीटिंग में उपस्थित हुए प्रतिसार निरीक्षक द्वारा सभी लोगों को स्वल्पाहार नाश्ता कराया गया मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान बांदा के पदाधिकारी महासचिव जय करन सिंह, उपाध्यक्ष राम अवतार विश्वकर्मा, सचिव प्रथम व द्वितीय भैरव प्रसाद, श्याम लाल , मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अलकू विश्वकर्मा उपस्थित हुए। मीटिंग का समापन पुलिस पेंशनर्स अध्यक्ष गोविन्द सिंह कछवाह द्वारा सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए समापन किया गया।

### आज की जायेगी विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा

**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक आज गुरुवार को विकास भवन सभागार बाँदा में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति द्वारा विगत तीन वर्षों में दिये गये वित्तीय एवं प्रशासकीय आय-व्यय से सम्बन्धित एवं कार्यवाही की अद्यतन स्थिति एवं योजनाओं पर आवंटित बजट के अभिलेखीय / मूलपत्रों का निरीक्षण उक्त समिति द्वारा बैठक में किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित पिछले तीन वित्तीय वर्षों में संचालित योजनाओं में आवंटित बजट के सापेक्ष्य व्यय आदि की प्रगति का विवरण लेकर साक्ष्यों सहित बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### आतंकी हमले के शहीदों को अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**अतर्रा/बांदा।** कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना में शहीद हुए लोगो को अधिवक्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि। घटना की किया जोरदार निंदा। कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों की की गई हत्या में मारे गए लोगों को जहां अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से उनके पारिवारिक जनों को इस दुख के सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की वही अधिवक्ताओं ने धर्म के आधार पर लोगों की की गई हत्या की घटना की जोरदार निंदा की अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ महासचिव राममिलन कुशवाहा दूसरे गुट के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता महासचिव विपिन कुमार मिश्रा ने आतंकवादियों की घटना की निंदा करते हुए देश की सरकार से मांगती है कि जल्द ही फैसला लेकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए इस दौरान अधिवक्ता चंद्रभान त्रिपाठी सूरज बाजपेई मनोज श्रीवास्तव बृजमोहन सिंह राठौड़ भी सुना था स्वास्थ्य राजेश सिंह अजय शर्मा नरेंद्र शुक्ला राजेंद्र गुप्ता राजेंद्र जाटव जितेन तिवारी भागीरथ पांडे राजेश द्विवेदी ब्रह्म दत्त शुक्ला अवनीश तिवारी विवेक बिंद्रा तिवारी लखन मिश्रा विनय मिश्रा धीरेंद्र सिंह विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

### योग संचालन एवं साधना के लिए किया भूमिपूजन

**बांदा।** तिंदवारी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नए सेवा केंद्र ' हेतु भूमि का विधिवत पूजन कर शिलान्यास किया गया। भूमि पूजन ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ प्रतिनिधि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुलारी दादी कानपुर द्वारा मंत्र उच्चारण के बीच कराया गया।इस सेंटर का उद्देश्य राजयोग ध्यान के माध्यम से उच्चतम सामाजिक व अध्यात्मिक शिक्षा व शिक्षण प्रदान करना है।

# चरका खंड संख्या पांच में नहीं थम रही अवैध खनन की रफ्तार

### दबंगई के बल पर उड़ाई जा रही खनन नीति की धज्जियां

### खनन कर्ताओं की कारस्तानी से जलीय जीवों पर मंडराये संकट के बादल






**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मरका थाना क्षेत्र के चरका यमुना नदी प्रशासन व पुलिस की मिलीभगत से प्रतिबंधित भारी पोकलैंड मशीनों से धड़ल्ले से अवैध खनन कर, मोरम निकाली जा रही है। यमुना नदी का सीना छलनी कर बीच जलधारा से पोकलैंड मशीनों से मोरम निकाल रहे है। जिससे प्रशासन की मिली भगत से धड़ले से माफिया एनजीटी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए, खनन कर रहे हैं।जिससे राजस्व विभाग को प्रतिदिन लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। चरका यमुना खदान खंड खंड पांच में जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। जो भारी भरकम पोकलैंड मशीनों से खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। बता दें कि चरका खदान खंड संख्या 5 में मनमाने तरीके से अवैध खनन का खेल माफिया कर रहे हैं। इन खदानों में एनजीटी के दिशा निर्देशन को तक में रखते हुए भारी पोकलैंड मशीनों की मदद से यमुना की जलधारा से मोरम निकाली जा रही है। वही गांव के लोग भी ट्रक चालकों से परेशान हो चुके हैं, और पीडब्ल्यूडी की रोड के ऊपर से मिट्टी डालकर सड़क को समाप्त कर दिया गया है। और उसी सड़क के ऊपर से ओवरलोड मोरम के ट्रक भरवा कर, निकाला जा रहा है। जिस गांव की सड़क भी खराब हो रही हैं। जिससे राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है, खदान संचालक अपने क्षेत्र से बाहर काफी गहराई से यमुना नदी के बीच जलधारा को रोककर अवैध खनन कर रहे हैं।जिससे नदी के अंदर पाए जाने वाले जलीय जीव जंतु मछली कछुआ की जान से भी खदान संचालक माफिया खेल रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की चुप्पी से खदान संचालकों के हौसले बुलंद है। हालांकि खदान में हो रहे इस अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रशासन और पुलिस की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। वहीं जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो, कैमरे के सामने बात नहीं किया लेकिन ऐसे बताया कि ऊपर तक खनन माफियाओं की सेटिंग है, तब ही इस तरह का अवैध खनन चल रहा है। खदान संचालक राजस्व का नुकसान कर सैकड़ो ओवरलोड गाड़ियों के कारण राजस्व को भारी नुकसान लग रहे हैं। इसके बावजूद भी अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।ग्रामीणों की माने तो इसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल है। अब देखना यह होगा, कि इन खदान संचालकों पर प्रशासन के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

### तिलौसा गौशाला से गौवंश नदारद

## चरही में मटर लाही का सूखा भूसा देख व्यवस्था से सीवीओ नाराज



**कमासिन/बांदा।** कमासिन ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलौसा में विश्व हिंदू गौ रक्षा प्रकोष्ठ टीम की शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बांदा एसके बैस तिलौसा गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे तो गौशाला का गेट बंद मिला कड़ी मस्ड़त के बाद केयरटेकर ने 1 घंटे बाद बंद गौशाला का गेट खोला तो गौ रक्षा टीम के साथ गौशाला के अंदर पहुंचे जहां गौशाला के अंदर एक भी गोवंश नहीं मिला। दो छोटे गोवंशों को कुत्ते दौड़ा रहे थे चरही में मटर लाही मिश्रित सूखा भूसा पड़ा पाया गया जो गौवंश के खाने योग्य नहीं था। गोवंशों हेतु पौष्टिक आहार आदि स्टोर में नहीं था जिससे ग्राम प्रधान सचिव की लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सचिव ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण लेकर कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। गौ रक्षा समिति के प्रश्न पर गौशाला तिलौसा में गौवंश सहित एक भी केयरटेकर ना पाए जाने पर सचिव से मिली सूचना पर कहा कि धूप के कारण गोवंश केयरटेकर की देखरेख में बाहर छोड़े गए हैं गौ रक्षा प्रकोष्ठ की टीम ने बताया की मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के पहुंचने पर गौशाला का गेट बंद रहा जिसे एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गौशाला का गेट खोलने पर निरीक्षण किया गया जहां पर एक भी गोवंश मौजूद नहीं था दो छोटे गोवंश थे जिनको कुत्ते दौड़ा रहे थे बीमार गोवंशु की देखरेख करने के लिए कोई भी केयरटेकर नहीं था जिला मंत्री अरुण मिश्रा ने आरोप लगाया कि तिलौसा गौशाला में डिमांड के अनुसार गौवंश मौजूद नहीं है भारी हेरा फेरी की संभावना हैजिसके चलते गौवंशो को गौशाला से छोड़ा गया है । इसके पूर्व भी तिलौसा गौशाला का निरीक्षण किया गया जहां पर हर बार यही स्थिति देखने को मिली। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौवंशो के लिए पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तिलौसा सचिव से गौशाला संचालन मे अनियमितता के बारे में स्पष्टीकरण लिए जाने का आश्वासन देकर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी देने के साथ 24अप्रैल बांदा विकास भवन स्थित कार्यालय में भूसा स्टाक की जियो टैग ड़ोटो व गौशाला से संबंधित अभिलेख लेकर उपस्थित होने को दूरभाष से कहा है। वहीं गौवंशों को खुला छोड़ने पर पीने के पानी की समस्या के प्रश्न पर कहा कि निजी और सरकारी नलकूपों से गर्मी में गौवंशों के पीने के पानी के व्यवस्था की जाएगी बुंदेलखंड में अधिक गर्मी के कारण फसल कट जाने पर पशुओं को खेतों में चरने के लिए केयरटेकर की मौजूदगी में छोड़े जाने के बारे में कहा।

## बांदा रोटी बैंक सोसायटी ने पीड़ित परिवार को दिया राशन



**बांदा।** शहर के डिग्गी चौराहा स्थित घर पर कुछ दिनों पहले शार्ट सर्किट से आग लग जाने से गृहस्थी का सारा सामान जल गया था।बाँदा रोटी बैंक टीम ने सूचना मिलने पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया तत्पश्चात संगठन से जुड़े हुए गरीबों के मददगार चंद्रमौलि भारद्वाज सहसंरक्षक रोटी बैंक और अरूणेश सिंह संचालक शिवकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को घटना बताई गई। जिस पर उन्होंने तत्काल आर्थिक मदद और राशन तथा कपड़े देकर मदद की गई। एवं समय-समय पर आवयश्कता पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। मदद करने में बाँदा रोटी बैंक संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष रिड़वान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, कोषाध्यक्ष इरड़ान खान, मोहम्मद शमीम,अजय भाई आदि उपस्थित रहे।

## योग संचालन एवं साधना के लिए हुआ भूमिपूजन

**बांदा।** तिंदवारी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नए सेवा केंद्र ' हेतु भूमि का विधिवत पूजन कर शिलान्यास किया गया। भूमि पूजन ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ प्रतिनिधि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुलारी दादी कानपुर द्वारा मंत्र उच्चारण के बीच कराया गया।इस सेंटर का उद्देश्य राजयोग ध्यान के माध्यम से उच्चतम सामाजिक व अध्यात्मिक शिक्षा व शिक्षण प्रदान करना है तथा इसके माध्यम से समाज के सभी वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना व समृद्ध करना है. । ब्रह्माकुमारी गीता बहन व शालिनी बहन दिव्या बहन ब्रह्माकुमार इं ओमप्रकाश मसुरहा उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तिंदवारी केंद्र की ब्रह्माकुमारी साधना बहन यह बीड़ा उठाया है जिसमें करीब दो सौ संख्या में भाई बहनों के द्वारा बड़े उत्साह से प्रवचनों एवं नृत्य गीत के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया गया।ब्रह्माकुमार इंओमप्रकाश मसुरहा ने कहा ष्यह विश्वविद्यालय नर - नारायण व नारी -लक्ष्मी कैसे बनेगी, यह शिक्षा देता है ।कार्यक्रम में वहां के नगरपालिका महिला अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि प्रबंधक संजय, ब्र0कु0 मानसिंह भाई कानपुर, ब्रह्माकुमार सबल सिंह बिहारी भाई, महेश भाई दिलीप भाई बलवीर भाई रामकिशुन भाई आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बहनों में फतेहपुर ब्रह्माकुमारी मुन्नी बहन, सीता बहन, बबेरू की आशा बहन,स्वाति बहन बिंदकी हमीरपुर और भी अनेक कस्बों व नगरों से पधारी बहुत सारी बहनों ने अपने प्रवचन दिए कार्यक्रम का संचालन राजयोगी ब्रह्माकुमार छेदीलाल पटेल ने किया।

## कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मृतकों के परिजनों को मिले एक-एक करोड़: अर्जुन मिश्र

**अतर्रा/बांदा।** कश्मीर के पहलगाव में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर कस्बे के समाजसेवी एवं पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्र ने गहरा शोक जताते हुए केंद्र सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की है। इस हमले में 27 लोगों की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हमला उस समय हुआ जब बैसरन घाटी में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और उड़ीसा के नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा नेपाल और सऊदी अरब के एक-एक पर्यटक तथा दो स्थानीय नागरिक भी इस हमले में मारे गए हैं। हमले की वीभत्सता ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।समाजसेवी अर्जुन मिश्र ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमला हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए। साथ ही आतंकवाद के खात्मे के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब आतंकवाद के खिलाफ केवल निंदा नहीं बल्कि निर्णायक कार्यवाही की जाए। इस घटना की निंदा करने में बृजेंद्र सिंह,विवेक मिश्रा, ब्रजेन्द्र गौतम,इ रोहित शुक्ला, शिवम द्विवेदी, पीयूष पांडे अतुल सिंह गजेंद्र सिंह शोभित कुमार कौशलेंद्र गुप्ता अलादीन वर्मा संतोष गुप्ता ईशान उपाध्याय विवेक पांडे अमोल यादव राजेश सविता विनय सविता रईस खान जुनैद खान आदि लोगो ने निंदा की है।

## सीआरपीएफ एसआई का दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

### घटना के बाद परिवार में मचा कोहराम



**बबेरू/बांदा।** सीआरपीएफ एस आई ड्यूटी से छुट्टी लेने के बाद रिश्तेदारों के यहां तिलक समारोह पर बबेरू क्षेत्र के दतौरा आया हुआ था। तभी बुधवार की सुबह सीने में अचानक तेज दर्द हुआ। रिश्तेदारों के द्वारा सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर द्वारा उपचार के बाद कानपुर रिफर कर दिया। जहां कानपुर ले जाते समय सीआरपीएफ एस आई की मृत्यु हो गई।


चित्रकूट जनपद के बगलाई गांव के रहने वाले बृज बिहारी कुशवाहा पुत्र श्रीपाल कुशवाहा उम्र करीब 53 वर्ष यह सीआरपीएफ में एस आई पद पर लखनऊ हाई कोर्ट पर तैनात थे। यह छुट्टी लेकर अपने रिश्तेदारों के यहां दतौरा गांव में तिलक समारोह पर आए हुए थे। तभी आज बुधवार की सुबह अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, तुरंत रिश्तेदारों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। रिश्तेदारो। के द्वारा कानपुर लेकर जा ही रहे थे कि बबेरू निकलते ही रास्ते में बृज बिहारी कुशवाहा की मृत्यु हो गई। तुरंत रिश्तेदारों के द्वारा फिर सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पत्नी चंद्रकली की 2017 में पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। मृतक बृज बिहारी कुशवाहा के एक पुत्र और तीन पुत्री थी ,जिसमें बड़ी पुत्री की शादी कर चुके थे। इस घटना को देखते हुए परिवार व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक के रिश्तेदार अजय सिंह ने बताया कि मृतक हमारे फौजी मामा थे उनके सीने में आज सुबह तेज दर्द हुआ। जिसको लेकर हम सीएचसी बबेरू आए लेकिन यहां पर डाक्टर द्वारा उपचार किया गया और कहा कि यहां पर इसकी कोई फैसिलिटी नहीं है इसलिए आप कानपुर ले जाए कानपुर लेकर जा ही रहे थे कि बबेरू निकलते ही उनकी मृत्यु हो गई। आज अगर सीएचसी में हृदय रोग के कोई डाक्टर होता कार्डियोलाजिस्ट तो जान बच सकती थी। लेकिन यहां ही नहीं पूरे बांदा जनपद में कोई कार्डियोलाजिस्ट डाक्टर नहीं है। हम चाहते हैं कि यहां पर भी ऐसे मरीजों को फैसिलिटी होना चाहिए जिससे अन्य मरीजों की जान बच सके। मृतक सीआरपीएफ पर एस आई पद पर कानपुर हाई कोर्ट में तैनात थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और कल सुबह ही इनके पैतृक गांव बगलाई जनपद चित्रकूट में सीआरपीएफ की बटालियन के द्वारा गाड ऑफ ऑनर तिरंगे झंडे के सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## तार काटकर चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जिले में अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रण लगाये जाने तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में फार्म हाउस में तार काटकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया ।गौरतलब हो कि अभियुक्त राजू केवट द्वारा 8 मार्च 25 को नरैनी रोड केसीएनआईटी के पास से सुरेश कुमार के फार्म हाउस का तार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था ।इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था ।अभियुक्त को आज रेलवे माल गोदाम के पास गिरफ्तार कर लिया गया ।अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 17000 रुपये, तीन घड़ियां, सफेद धातु का सिक्का व अन्य सामान बरामद किए गए हैं ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम राजू केवट उर्फ पिट्टी पुत्र रामकिशोर निवासी चांदी पाठी थाना अजयगढ जिला पन्ना ( मध्य प्रदेश) है।

### तीन बीघे की कटी गेहूं की फसल में लगी आग, आग से फसल जलकर हुई खाक



**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मरका थाना क्षेत्र के कुमेढा गांव में बुधवार की दोपहर करीब दो बजे गांव के रहने वाले अनिल कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा के खेत में तीन बीघे गेहूं की कटी फसल पर अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे पूरी फसल धू धू कर जलने लगी, जैसे ही ग्रामीण किसानों ने देखा तो पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची जब तक पूरी फसल जलकर खाक हो गई थी। वही बच्ची आग को फायर ब्रिगेड के जवानों के द्वारा बुझाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे मरका थाना प्रभारी निरीक्षक अभय प्रताप सिंह मय हमराही फोर्स के साथ पहुंचकर जली हुई फसल का जायजा लिया, और लेखपाल को सूचना दिया है। वही पीड़ित अनिल कुशवाहा के द्वारा शासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग किया है। वही पीड़ित अनिल कुशवाहा ने बताया की तीन बीघे गेहूं की फसल थी, जिसको कटवा कर हम इकट्ठा कर दिए थे। और आज या कल में फसल को कतरवाना था। लेकिन आज पता नहीं किस कारण से आग लग गई है। जिससे हमारी पूरी फसल जलकर खाक हो गई।

» न्यूज कैप्सूल »

## बानपुर की जामनी नदी में नहाने गए दो दोस्तों में से एक की पानी में डूबकर हुई मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत जामनी नदी में नहाने गए गांव के दो दोस्तों में से एक की पानी में डूब कर मौत हो गई । दूसरे ने जब अपने दोस्त को पानी में डूबता देखा, तो तत्काल वहां से आकर पुलिस और उसके परिजनों को सूचित किया। चुकी मामला बॉर्डर का था, इसलिए बानपुर पुलिस ने एमपी पुलिस के साथ कानूनी कार्यवाही की और गोताखोरों को बुलाकर मृतक का शब पानी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया तथा जांच में जुट गई है। डूबे युवक की पहचान नीतेश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। बानपुर के ग्राम कुआँ गाँव निवासी 19 बर्षीय नितेश पुत्र सुनील विश्कर्मा अपने दोस्त संदीप राजपूत के साथ टीकमगढ़ रोड पर स्थित जमीनी नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। बताया गया है की नहाते वक्त नीतीश विश्वकर्मा पानी में डूब गया, जिसके बाद संदीप विश्वकर्मा ने उक्त घटना की सूचना उसके परिजनों और बानपुर पुलिस को दी। घटना की सूचना पर नितेश की परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन वह पानी में कहीं दिखाई नहीं दिया इसीलिए उन्होंने भी पुलिस से मदद की गुहार लगाई। चूँकि मामला यूपी एमपी बार्डर का था, इसलिए टीकमगड़ पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। इस बाद थाना बानपुर और टीकमगड़ पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नितेश का शव पानी से बरामद किया। इसके बाद बानपुर पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## स्कूल से घर लौटते समय चाकू की नोक पर छात्रा से सरेआम की अश्लीलता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली अंतर्गत आर एम वी कालौनी के पास रहने वाली एक छात्रा के साथ स्कूल से लौटते समय दबंग मनचले ने चाकू की नोक पर सरेआम अश्लीलता की और जब छात्रा ने विरोध किया, तो उसके साथ जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट भी की गई। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता के पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस ने आरोपी मनचले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरएमबी कॉलेज के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 21 अप्रेल 2024 को सुबह उनकी 14 वर्षीय पुत्री अपने स्कूल की फीस भरने गई हुई थी। स्कूल जाने पर पता चला कि आज स्कूल की छुट्टी है इसलिए उसकी पुत्री दिन में करीब 11ः30 बजे अपने घर वापस आ रही थी जब वह अपने घर के पास पहुंची थी तभी उसके पीछे के मोहल्ले में रहने वाला दबंग प्रवृत्ति का मनचला कल्लू उर्ड़ मोहसिन खान पुत्र पप्पू ने सरे राह उसकी पुत्री का हाथ पकड़ कर दबोच लिया इतना ही नहीं जब उसकी पुत्री ने मनचले की इस हरकत पर विरुद्ध जाते तो उसने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज की इतना ही नहीं उसने चाकू की नोक पर उसकी पुत्री के साथ अश्लीलता की। इस दौरान उसकी पुत्री के चिल्लाने पर जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो दबंगों से जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से रफू चक्कर हो गया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर फिरता के पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद दबंग विपक्षी के खिलाफ 74, 115(2), 352, 351(3) तथा 3(1) द ध, 3(2)5 एससी एसटी एक्ट एवं 7/8 पाँस्को एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## बहन की शादी से पहले ही भाई की उठी अर्थी

**ललितपुर।** जनपद के पुलिस विभाग में तैनात यूपी पुलिस के जावाज सिपाही आर्यन कुमार की उस समय सड़क हादसे में मौत हो गई, जब वहन की शादी के लिए छुट्टी लेकर घर गए हुए थे। बताया गया है कि वह बहन की शादी का कार्य निपटने के लिए अपनी कर से जा रहे थे तभी एक वाहन की टक्कर से उनकी कर क्षतिग्रस्त हो गई और उनकी मौत हो गई। भाई की मौत से परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई और बहन की डोली उठने से पहले भाई की अर्थी उठती हुई दिखाई दी। बताया गया है कि मृतक आर्यन कुमार 23 बैच के सिपाही थे जो जनपद की सदर कोतवाली में तैनात थे। यह भी जानकारी मिली है कि वह गत 9 अप्रेल 2025 को एक माह की छुट्टी लेकर अपने घर गया था और वहीं पर सड़क हादसे का शिकार हो गया।

## एक ही परिबार के पिता पुत्र के दो पक्षों के बीच उत्पन्न हुए विवाद में गाली गलौज मारपीट कर दी गई जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छापछोल में एक ही परिवार के पिता और पुत्र के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर आपसी पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। जिसके चलते दोनों ही तरफ से जमकर कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए। उक्त घटना के संबंध में दोनों ही पक्षों की शिकायती पत्र पर आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम छापछोल निवासी चिमनलाल पुत्र बलदुआ ने थाना सौजना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया गत 21 अप्रैल 2025 को रात्रि करीब 12ः00 बजे उसका विवाद उसके ही अपने बेटे श्यामलाल पुत्र चमन लाल कुशवाहा आदि से हो गया था।

# बैठक में अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से बेइज्जित करने पर वरिष्ठ सहायक लेखाकार ने फांसी लगा कर दी जान

### सुबह घर की किचिन में लगे पंखे पर रस्सी के फंदे पर लटकता मिला शव

### पत्नी ने सीडीओ के साथ अन्य अधिकारियों पर लगाया सार्वजनिक रूप से डांट डपट कर बेज्जती करने का आरोप

### डीएम ने जांच कराने का दिया आश्वासन







**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुहल्ला पिसनारी में सुबह-सुबह उस समय हड़कंप मच गया, ड़ब एक सरकारी कर्मचारी का शव उसके ही घर की किचिन में पंखे पर रस्सी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों ने आरोप लगाया है कि आयोजित मीटिंग के दौरान जनपद के उच्चाधिकारी द्वारा सभी लोगों के सामने फटकार लगाकर बेइज्जत करने से क्षुब्ध होकर बाबू ने यह आत्मघाती कदम उठाया। उच्चाधिकारी के द्वारा बाबू को लोगों के सामने अपमानित किया गया, जिससे बाबू को गहरा आघात लगा और उसने आत्महत्या कर ली। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। यह भी जानकारी मिली है कि मृतक कर्मचारी का तबादला हाल ही में मड़ावरा किया गया था, जिससे उसे वहां के कामकाज और दस्तावेज की जानकारी नहीं थी और इसी बात को लेकर उसके साथ डांटा-डपट की गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार महरौनी कुम्हेड़ी के मूल निवासी राजाराम पुत्र हरलाल अहिरबार 43 वर्षीय जनपद के विकास खंड मड़ावरा में वरिष्ठ सहायक लेखाकर पद पर सन 2023 से तैनात था और महरौनी मडावरा दोनों जगह का चार्ज भी लिए हुए था, साथ ही वह शहर के मुहल्ला पिसनारी में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। बताया गया है कि दिनांक 18/19 दिन पूर्व मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद के अन्य अधिकारियों ने महरौनी मड़ावरा विकास खंड का निरीक्षण किया था और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ एक बैठक भी की थी। बताया गया है कि इस बैठक के दौरान मृतक से बर्ष 2017/18 का लेखा जोखा माँगा और न देपाने के कारण मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उक्त बाबू के साथ जमकर सार्वजनिक रूप से डांट ड़पटकर अपमानित भी किया था। इसके बाद कर्मचारी अपने घर वापस आया और गुमसुम सा रहने लगा। इस दौरान ना और उसने अपनी पत्नी से अच्छी तरह बात की और ना ही अन्य परिजनों से सिर्फ वह अपमान का घूंट पीकर रह गया। बताया गया है कि उक्त कर्मचारी अधिकारियों द्वारा की गई बेइज्जती बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था, जिससे वह काफी बेचैन था। यह भी जानकारी मिली है कि 17 और 18 अप्रैल को किये गये निरीक्षण में उसे लेकर कुछ दस्तावेज इसलिए नहीं मिल रहे थे कि उसका तबादला कुछ दिन पहले किया गया था और उसने चार्ज ग्रहण किया था, इस दौरान दस्तावेजों की और कार्यकलापों की जानकारी उसे नहीं थी। बताया गया है कि इसी परेशानी के बीच

मंगलवार की देर शाम सभी ने एक साथ खाना खाया और पति अलग कमरे में अपना काम करने लगा और पत्नी अपने कमरे में जाकर सो गई। इसी मामले से परेशान होकर जिसके बाद उसने बुधवार की सुबह अपने ही मकान की किचिन में लगे हुए फांसी पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब बुधबार को सुबह करीब 5 बजे उसकी पत्नी किचिन में गई, तो उसका शब फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जिसके बाद उसने चिल्ला कर अपने परिजनों को बुलाया। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों के साथ मोहल्लेबासी एकत्रित हुये और तत्काल कर्मचारी को फंदे से उतारकर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान उसे मृतक घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। इस दौरान मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों ने मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों पर अपने पति को बुलाई गई मीटिंग में सार्वजनिक रूप से डांट -डपट कर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही अपमान के कारण उसके द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का भी आरोप लगाया। पत्नी ने आरोपी संबंधित अधिकारियों पर कभी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। बताया गया है कि मृतक सन 2007 से अपनी सेवाएं दे रहा था। दो पुत्रीयां और एक पुत्र है। यह जानकारी मृतक के भाई प्रीतम और राजकुमार ने दी।

### क्या कहती है पत्नी

इस मामले में मृतक की पत्नी पुष्पा ने बताया कि उसके पति का तबादला कुछ दिनों पूर्व मड़ावरा किया गया था, जिस कारण उसे वहां के दस्तावेजों और कामकाज की जानकारी नहीं थी। बताया गया है कि मंगलवार को मृतक मुख्य विकास अधिकारी से मिलने गया था और आड़री बार बात कर उसके बाद वह घर वापस आ गया। देर शाम उसके पति ने सभी परिजनों के साथ खाना खाया और वह अपना काम करने लगा तथा मै अपने कमरे में सोने चली गई। ड़ब सुबह 5 बजे वह कमरे से बाहर आई और किचन में गई तो उसके पति का शव पंखे पर रस्सी के फंदे पर लटक रहा था। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति की मौत के जिम्मेदार उसकी वह अधिकारी हैं जो उसे सार्वजनिक रूप से बेइज्जत कर रहे थे और डांट डपट की थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण महिला का शव रस्सी पर कुएं के अंदर लटकता मिलने से मचा हड़कंप

### घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### परिजनों ने बीमारी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कही बात



**ललितपुर।** जनपद के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा में अपने खेत पर खड़े हुए पेड़ पर रस्सी का एक शिरा बाँधकर दूसरे शिरे पर फंदा लगाकर महिला कुएं में कूद गई, जिस कारण उसका गला कस गया और उसकी मौत हो गई। सुबह महुआ बीनने बालों ने ड़ब महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता देखा, तों इसकी सुचना तत्काल उसके परिजनों को दी । घटना की सूचना मौड़े पर पहुंची पुलिस ने मृतिका पके शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके परिजनों ने बीमारी के चलते आत्महत्या करने की बात कही है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजरौठा के मजरा नोर निवासी 26 बर्षीय सरस्वती पत्नी देवीलाल का शव बुधवार की सुबह उस समय उसके ही खेत पर स्थित कुएं में फांसी के फंदे पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया, ड़ब वहाँ गांव के ही ग्रामीण महुआ बीनने के लिए पहुंचे थे। बताया गया है कि मौके पर रस्सी का एक शिरा पास में ही खड़े हुए आम के पेड़ के ताने से बँधा था और दूसरे शिरे से उसके गले में फांसी का फंदा लगा हुआ था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था और मामला हत्या और आत्महत्या के बीच उलझा हुआ था। लेकिन जब पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पूछताछ की तो मामला स्पष्ट हो गया कि यह हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या है। परिजनों द्वारा बताया गया है कि महिला पिछले दो-तीन सालों से महिला काफी बीमार थी और उसका इलाज भी चल रहा था। बताया गया है कि मंगलबार को महिला ने रात में पूरे परिवार के साथ बैठकर खाना खाया और अपने कमरे में सोने चली गई। लेकिन रात में कब उठकर घर से निकल गई, किसी को जानकारी नहीं। आज सुबह जब गांव के ग्रामीण महुआ बीनने के लिए गए, तब उन्होंने कुएं के अंदर रस्सी के फंदे पर मृतक अवस्था में लटका देखा, तो परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि आम के पेड़ के ताने से रस्सी बांधकर कुएं के अंदर लटक कर अपनी जान दे दी। मृतका का मायका तालबेहट के ग्राम टेटा में है और उसकी शादी 2016 में हुई थी, जिसका एक पुत्र और एक पुत्री भी है।

# मासूम बच्ची की दुष्कर्म की घटना के बाद गांव में अवैध रूप से बेची जा रही कबूतरा जाति की शराब को बंद करवाने के लिए ग्रामीणों क्लैक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन

### डीएम को ज्ञापन देकर गांव में स्कूल के आस पास दुकानों पर बेची जा रही अवैध देसी कच्ची शराब को बंद करने की उठाई मांग

### शराबियों की हरकतों के कारण बच्चों के स्कूल जाने में बाधा हो रही उत्पन्न



**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कारी पहाड़ी के ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से अपने गांव की गली-गली की दुकानों पर अबैध देशी कच्ची कबूतरा जाति की शराब बेचने का आरोप लगाया है। इसी शराब को बंद करवाने के लिए ग्रामीणों ने हुंकार भरी तथा क्लैक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर गांव में बेची जा रही शराब को जल्द से जल्द बंद करने की मांग उठाई। आरोप है कि कुछ समय पूर्व इसी शराब के नशे में धुत एक ग्रामीण द्वारा गांव की ही 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था और इसके साथ ही शराब के कारण गांव में कई घटनाएं घट चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम कारी पहाड़ी के करीब एक दर्जन ग्रामीण बुधवार को एकजुट होकर क्लैक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस और विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से अपने गांव के गली-कुँचो की कई छोटी-छोटी दुकानों पर कबूतर जाति की अवैध देसी कच्ची शराब बिकवाने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर धरना प्रदर्शन किया और जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अपने गांव की गलियों में बेची जा रही अवैध देसी कच्ची शराब को बंद करने की मांग उठाई। दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि गांव में संचालित स्कूल के पास एक दुकानदार द्वारा कच्ची शराब बेची जाती है, जिस पर सुबह 5ः00 बजे से लेकर रात्रि 10ः00 बजे तक पीने वालों की लाइन लगी रहती है और रोज लड़ाई झगड़ा होता है। जब वह अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं, तो उन पर भी गलत प्रभाव पड़ता है, जिस कारण उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और उनकी शिक्षा दीक्षा भी बाधित हो रही है। कुछ समय पूर्व उनके गांव में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था और अंजाम देने वाला ग्रामीण कबूतरा जाति की शराब पीकर मदमस्त था।

# दुकान मालिक द्वारा लगाए गए चोरी के आरोपी को सहन न कर पाने से दु:खी नौकर ने खेत पर खडे पेड पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

### दुकान मालिक और उसके साथियों पर मारपीट व प्रताड़ित कर पुलिस को सौंपने के लगाए आरोप

### मारपीट और आरोपों से क्षुब्ध होकर नौकर ने दिया घटना को अंजाम

**ललितपुर।** थाना जखौरा में बांसी रोड पर रहने बाले एक ग्रामीण ने उस समय अपने ही खेत पर खड़े हुए एक पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जब उसके दुकान मालिक ने उस पर दुकान में ही चोरी करने के आरोप लगाकर अपने साथियों के साथ मिलकर सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया था और पुलिस को सौंप दिया था। सुबह उसका सब खेत पर खड़े पेड़ पर लटकता पाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई। मिली जानकारी के अनुसार बांसी रोड पर रहने वाले 21 बर्षीय ब्रजेन्द्र पुत्र मूलचंद्र पुत्र मुलुआ ने बुधवार की सुबह खेत पर खडे नीम के पेड पर उस समय रस्सी के साहरे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, ड़ब वह घर से सुबह 7ः00 शौच क्रिया के का कर घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं आया। परिजनों ने बताया कि मृतक करीब 5 बर्ष से कस्बे में ही रहने वाले सलमान खान उर्ड़ रानू की दुकान पर काम कर रहा था। मंगलबार को सुबह ब्रजेन्द्र को अपने साथ बाइक पर बैठ कर ले गया और दुकान पर ले जाकर उस पर चोरी का इल्जाम लगाकर से मारपीट कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इसके बाद उसने थाने ले जाकर पुलिस के हवाले भी कर दिया। शाम को करीब 8 बजे उसका बड़ा भाई अनिल कुमार थाने गये और सुबह आपसी तालमेल से मामला निपटने का हवाल देकर उसे थाने से अपने साथ घर ले आए। इसके बाद उसी दिन रात्रि में करीब 11ः00 विपक्षी सलमान अपने एक अन्य साथी सोनू चौरसिया के साथ पुनः उसके घर पर आया और परिजनों के सामने घर पर धमकियां देकर घर का सामान उठाकर ले जाने लगे। इस दौरान परिजनों ने सुबह बातचीत करने का हवाला देकर मामला चलता कर दिया।

# जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी सिचांई निर्माण खंड प्रथम में हुए घोटाले की आठ माह बाद भी नहीं हो सकी जांच

### निचली राजघाट नहर पर मिट्टी डालने के नाम करोड़ों का किया गया था घोटाला

### अवनीश यादव एई पर कचनोंदा टीकरा पुर्नवास में लेबलिंग के नाम पर फर्जी एग्रीमेंट करने का था आरोप

### एलआरसी पर एई जेई की मिली भगत से अपने चहेते ठेकेदारों को किये करोड़ों के फर्जी एग्रीमेंट



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने का दावा कर रहे हो। लेकिन जनपद में योगी आदित्यनाथ के आदेशों और जिलाधिकारी के निर्देशों की उनके ही अधीनस्थ खुले आम धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। जिसका जीता जागता नमूना उसे समय देखने को मिला जब 8 माह पूर्व सिचांई निर्माण खंड प्रथम में हुए करोड़ों घोटाले की जांच के आदेश मामला संज्ञान में आने के बाद जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किये थे, लेकिन आठ माह की समय अवधि बीतने के बाद भी अभी तक उक्त मामले की जांच नहीं हो सकी है। इस मामले को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है की जान अधिकारियों के कंधों पर इस मामले की जांच की जिम्मेदारी थी शायद वही अधिकारी इस बड़े घोटाले में सनलिप्त हैं, इसीलिए यह मामला दबाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शिकायतकर्ता ने एक बार फिर जिलाधिकारी के संज्ञान में यह मामला डाला और मामले की जांच रिपोर्ट भी मांगी है।

निचली राजघाट नहर एलआरसी में हालात बहुत ही खराब है, जबकि विभाग ने आठ माह पूर्व दो करोड़ से अधिक धनराशि खर्च दिखाई थी, इससे अधिक भ्रष्टाचार सिंचाई विभाग का नहीं हो सकता है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। वर्तमान में राजघाट बांध परियोजना की देखभाल बेतवा रिवर बोर्ड से उत्तर प्रदेश को सौंपी गई है। जनपद में इसकी जिम्मेदारी सिंचाई निर्माण खंड प्रथम के पास हैं। यहां पर तैनात अधिशाषी अभियंता की सेवानिवृत्ति हो चुकी है और वह धन बटोर कर रिटायरमेंट लेकर अपने घर चले गए। यही कारण है कि राजघाट बांध परियोजना में मरम्मत कार्य संबंधी धनराशि जो शासन ने भेजी थी, उसे बंदरबांट के लिए अधिकांश कच्चे कार्य किए गए, सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार एलआरसी में डोला मिट्टी के डालने के नाम पर हुई है, एलआरसी में हेड से तीस किलोमीटर तक डोला में मिट्टी के डालने के कार्य में विभाग करीब दो करोड़ खर्च दिखा दिए, जबकि नहर की हालत जस की तस बनी हुई है। यह बंदरबांट एग्रीमेंट के माध्यम से अपने चहेते ठेकेदार को दिया गया, ऐसा एक कार्य नहीं है, अगर अधिशाषी अभियंता प्रथम के कार्याकाल के सभी कार्य की जांच की जाए, तो निश्चत ही लाखों रूपये का घोटाला प्रकाश में आएगा; लेकिन इस ओर शासन व प्रशासन का ध्यान नहीं जाता है।

# ननि की कान्हा गौ आश्रय स्थल प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ घोषित








## नगर निगम के कान्हा गौ आश्रय स्थल का उ.प्र.गौ सेवा आयोग की टीम ने किया निरीक्षण

## नगर आयुक्त सत्यप्रकाश को किया सम्मानित

## व्यवस्थाओं के साथ संचालित वैदिक कालीन खेती उपकरणों को देखा, जताई प्रसन्नता

**झांसी।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा गौ आश्रय स्थल का गौ सेवा आयोग की संयुक्त टीम ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्थाओं और क्रियाकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौशाला घोषित किया, साथ ही नगर आयुक्त सत्यप्रकाश को सम्मानित भी किया।

बुधवार को बैलगाड़ी में बैठकर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष महेश शुक्ला कान्हा गौ आश्रय स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक कालीन गौवंश आधारित उपकरणों में कोल्हू, रहट आदि को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही गौशाला की व्यवस्थाओं और क्रियाकलापों की सराहना की।

नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा गौ आश्रय स्थल का गौ आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व उनकी टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान समस्त शेडो को देखा। गौवंश को खाद्यान में दिया जा रहा गेहूं का भूसा, चोकर एवं हरे चारे/साईलेज को मौके पर देखा। कान्हा उपवन में किए जा रहे नवाचार जैसे-बैलों से चालित तेल निकालने का कोल्हू, पानी निकालने का रहट आदि को भी देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। बैलगाड़ी एवं गोमय उत्पाद, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर से निर्मित दीपक, मूर्तियों आदि के उत्पाद सामग्री को मौके पर देखा गया। कान्हा उपवन के प्रांगण में लगायी गयी नेपियर ग्रास, नवग्रह वाटिका, औषधि वाटिका के साथ-साथ कान्हा उपवन के स्थलीय निरीक्षण में गौवंश के संरक्षण की व्यवस्थाओं को टीम द्वारा सराहना की गयी।

स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त गौसेवा आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण की समीक्षा की गयी। गौसेवा आयोग के समस्त पदाधिकारियों ने नगर निगम के कान्हा उपवन के गौवंश संरक्षण की व्यवस्थाओं को मॉडल गौवंश आश्रय स्थल की श्रेणी में माना। साथ ही प्रदेश में गौवंश संरक्षण के लिये किए जा रहे नवाचार के लिए नगर आयुक्त झांसी सत्य प्रकाश का अभिनंदन कर सम्मानित किया। साथ ही प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंश आश्रय स्थल के रूप में पाया गया।

समीक्षा बैठक में शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, प्रदीप सरावगी जनप्रतिनिधि, मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे, डीआईजी झांसी केशव कुमार चौधरी, अपर निदेशक पशुपालन विभाग, नगर पशु कल्याण अधिकारी नगर निगम, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जालौन, ललितपुर के अलावा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे।

# 27 अप्रैल को 20 केंद्रों पर आयोजित होगी ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षाः अवनीश कुमार





### सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा में होंगे 9096 अभ्यर्थी शामिल

### परीक्षा के दौरान सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर ही रहेंगे

### परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, पेयजल तथा शौचालय की सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये

### जनपद में द0प्र0स0 की धारा- 163 प्रभावी, अधिकारी/मजिस्ट्रेट सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराएं

**झांसी।** सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अवनीश कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में दिनांक 27 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (लिखित) जनपद में आयोजित की जा रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (लिखित) नगर के 20 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में पूर्वाहन 10ः00 से 12ः00 बजे तक आयोजित होगी।

बैठक में सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अवनीश कुमार ने उपस्थित समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में परीक्षा के दौरान नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक एडमिशन कार्ड की गंभीरता से जांच करें।

नगर में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (लिखित) की परीक्षा 20 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। एक दिवसीय परीक्षा में जनपद में 9096 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा की संवेदनशीलता को बताते हुए निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों का सत्यापन सुनिश्चित कर लें ताकि कोई भी कमी ना रहे,साथ ही यह अवश्य देख लें कि परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर के साथ, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें।

उन्होंने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने एवं परीक्षा को पारदर्शी/ नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु दिए गए प्रशिक्षण में स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा, उन्होंने कहा = कि कोई भी कर्मचारी फोन लेकर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं करेगा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली जाए, उन्होंने विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उनके सामान को। सुरक्षित रखे जाने की नि:शुल्क व्यवस्था केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा किए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एस पी सिटी से अनुरोध किया।

सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अविनाश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दिनांक 27 अप्रैल, 2025 को जनपद में ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा (लिखित) परीक्षा प्रस्तावित है। यह परीक्षा एक पाली में 20 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। इस परीक्षा में 9096 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जनपद में भी अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये रेलवे व परिवहन विभाग के अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की भी व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने परीक्षा में महिला अभ्यर्थी भी शामिल होंगी, उनकी सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर महिला आरक्षण की तैनाती अवश्य निश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। कक्ष निरीक्षकों की अच्छी तरह से ब्रीफिंग और ट्रेनिंग करा दी जाये। परीक्षा रविवार को हो रही है, इसलिये परीक्षा सामग्री को समय से सेंटर्स पर पहुंचाने की व्यवस्था अभी से कर ली जाये।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा को पूर्ण सुचिता, पारदर्शी एवं नकल विहीन कराए जाने हेतु दिए गए प्रशिक्षण में उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापकों सहित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट को प्रश्न पत्रों को खोलने, परीक्षा समाप्ति के बाद आंसर सीट की पैकिंग, सीसीटीवी कैमरे की फिक्सिंग, परीक्षा के पूर्व की व्यवस्थाएँ के साथ ही परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा, सतीश कुमार सिंह, मिलन गुप्ता एवं मयूर गर्ग ने विशेष बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया।

इस मौके पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रमोद झा,एसीएम गोपेश तिवारी सहित सैक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# आतंकी हमले में शहीद हुए सैलानियों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित अरविंद वशिष्ठ के नेतृत्व में पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सैलानियों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के लोग देशभर के पर्यटकों को जम्मू कश्मीर के भ्रमण पर जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तो उनकी सुरक्षा के प्रबंध पहले से क्यों नहीं किए गए, जहां हमला हुआ वह स्थान कोई निर्जन स्थान नहीं है बल्कि एक चर्चित पर्यटन स्थल है वहां कई प्रदेशों के पर्यटक थे यह भारतीय जनता पार्टी सरकार की बहुत बड़ी चूक भी है।

विजय कुमार कुशवाहा ने कहा की इस दुख की घड़ी में हमारे समाजवादियों की सच्ची संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपनों को खोया है सबसे गंभीर बात तो यह है कि जहां पर्यटक स्थल पर इतने लोग मौजूद थे लेकिन कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था, किसने वहां से दूर भेज दिए सभी सुरक्षा कर्मियों को फिर इतने आतंकी कहां से आ गए होंगे जब आतंकी आ रहे थे तो उसे रास्ते में कोई चेकिंग क्यों नहीं हुई क्या आसमान से तो नहीं उतरे आतंकी यह घटना पिछली पुलवामा की घटना की तरह है सुरक्षा में इतनी बड़ी क्यों कैसे हुई पहलगाम में 28 सैलानियों की जान गई कई लापता है उन सभी को हम लोग श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और सरकार से मांग करते हैं की इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो,ऐसी सुरक्षा व्यवस्था सैलानियों को दी जाए, श्रद्धांजलि सभा में सत्येंद्र पुरी सभासद जिला अध्यक्ष व्यापार सभा, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, जिला कोषाध्यक्ष सौरव यादव, जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, महीपत झा जिला सचिव, सपा युवा नेताहैदर अली, अभिषेक दिक्षित विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी झांसी, हनीफ राईन, मनीष रैकवार, अमित प्रजापति, आशीष बाजपेई, आलोक ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों दी श्रृद्धांजलि

**झांसी।** इलाईट चौराहा पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा शीलू के संयोजन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुये मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि इस कायराना आतंकी हमले की कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। उन्होनें कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। सरकार इस मामले में सम्वेदनशील रहकर ठोस कार्यवाही करें। इस मौके पर पी सी सी सदस्य इदरीश खान, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा, पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन , मुकेश अग्रवाल, मनीराम कुशवाहा,महिला शहर अध्यक्ष आशिया सिद्धिकी, शंभू सेन, अखिलेश गुरुदेव, अमीर चंद आर्य, अनिल रिछारिया, युथुप जैन, शफीक अहमद मुन्ना,हरिओम श्रीवास,उमा चरण वर्मा, मुकेश बैदौरिया, जीतू श्रीवास, हरिशंकर बाल्मीकि, प्रशांत वर्मा, नीरज सेन, मुमताज खान, राजेश रानी,प्रीति श्रीवास, अब्दुल जाबिर, एम सी वर्मा,राजकुमार फौजी, अजय जैन,मयंक शर्मा,आदि मौजूद रहें।

## 127 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**बड़ागांव, झांसी।** हैडलबर्ग सीमेंट इण्डिया लिमिटेड मरोड़ा झांसी के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ग्राम हाजीपुरा में सम्पन्न हुआ।शिविर का संचालन चिकित्साधिकारी डॉ आर के बादल ने किया इस अवसर पर 127 लोगों का परीक्षण कर दवाइयां दी गईं।डॉ बादल ने बताया कि गर्मी से बचने के लिए खूब पानी पिए सूती हल्के और ढीले कपड़े पहने मसालेदार भोजन ना करे हरी सब्जियां तरबूज़ खरबूज खाए दिन के समय बाहर जाने सेबचे। दबाई का वितरण रितेश कुशवाहा व मन्नालाल ने किया।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र जनहित का सजग प्रहरी
जन जन जागरण
झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित
आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।

**जनपद झांसीः** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।

**जनपद ललितपुरः** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।

**जनपद उरईः** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगड़, आदि।

**जनपद महोबाः** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।

**ब्यूरो प्रमुखः** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

सम्पर्कः 9936277530, 9450071944

## ऑल इंडिया पयाम ए इन्सानियत फोरम झांसी यूनिट ने की संवेदना व्यक्त

**झांसी।** ऑल इण्डिया पयाम ए इन्सानियत फोरम झांसी यूनिट की आवास विकास में बैठक हुई जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दिवंगतों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं। सम्बोधित करते हुए मुफ्ती इमरान नदवी ने बताया कि हमले में दो विदेशी पर्यटकों समेत 26 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। इस तरह का जानलेवा हमला इन्सानियत को शर्मसार करने वाला है। फोरम मरहूमीन के घरवालों के प्रति संवेदना प्रकट करती है। इस मौके पर इलियास अली,हाजी मुजाहिद,राजकुमार राव, अयाज़ खान, हरि मोहन यादव, अफजल खान, रामसिंह, क़ाज़ी तबरेज़ आदि उपस्थित रहे।

# संदीप भाजपाई नही, उस रात सिर्फ एक बाप था

### गुलदस्ता लेकर थाने जाना चाहिए?

### आनन्द के बिना न्याय संभव था?

**चित्रकूट।** जिले की वो रात सिर्फ तारीख नहीं, लोकतंत्र के घावों में ताजा नमक जैसी दर्ज हो गई। रविवार को मऊ थाना क्षेत्र में जो हुआ, उसने साबित कर दिया कि वर्दी जब नशे में होती है, तो इंसानियत स?क पर घिसटती है। भाजपा नेता संदीप त्रिपाठी का 17 वर्षीय बेटा आदित्य त्रिपाठी, एक आम रात को घर लौट रहा था। लेकिन आरोप है कि चैराहे पर तैनात वो वर्दीधारी जिनकी ड्यूटी जनता की सुरक्षा थी, उस रात शराब में डूबे हुए थे और उन्होंने न सिर्फ आदित्य को रोका, गालियां दीं, बल्कि पीटते हुए थाने में बंधक बना लिया।

लेकिन सवाल यह नहीं कि संदीप त्रिपाठी ने थाने जाकर हंगामा किया, सवाल यह है कि जब एक पिता को पता चले कि उसके बेटे को कानून के रखवालों ने ही कानून की धज्जियाँ उ?ाते हुए बेरहमी से पीटा है, तो वो चुप कैसे रह सकता है? क्या उसे फूलों का गुलदस्ता लेकर थाने जाना चाहिए था? क्या गुस्सा आना अपराध है, या फिर वो मानव स्वभाव का हिस्सा है? और जब वो पिता भाजपा नेता हो, तो क्या उसके दर्द को राजनीति कहा जाएगा? और अगर आदित्य ने नियम तो? भी, तो क्या उसका जवाब पुलिस की लाठी और अपमान होगा? फिर कागजी कार्रवाई कहां गई? फिर वो कानून कहां गया, जिसके सहारे आम लोग भी इंसाफ की उम्मीद करते हैं? यही पुलिस अगर किसी आम ल?के को पीटती, और कोई नेता न होता, तो क्या जांच भी होती?

गौरतलब है कि वर्दी में बैठे वो संवैधानिक अधिकारी, जो खुद को नियंत्रित नहीं कर पाए, उन्हें केवल लाइनहाजिर कर देना ही पर्याप्त समझा गया। वहीं एक पिता, जो गुस्से में जवाब देता है, उस पर 41 लोगों के साथ एफआईआर ठोक दी जाती है। यह कैसा न्याय है? यह कैसा लोकतंत्र है? सवाल एक ही है- अगर मौके पर पूर्व विधायक आनंद शुक्ला न पहुंचते, तो क्या कोई उसकी सुध लेता? चित्रकूट की जनता को अपना इतिहास याद है-यहां न्याय सत्ता के दबाव से नहीं, जमीनी सच से मांगा जाता है। यह मामला सिर्फ आदित्य का नहीं है, यह हर उस बाप का सवाल है।

## धरती माँ को समर्पित दिन, जब चित्रकूट बोला- हम हैं सच्चे पुत्र

**चित्रकूट।** जब धरती की ध?कन सुनाई देने लगे, जब वसुधा की पी?ा शब्दों में उतर आए और जब युवा मन यह संकल्प लें कि पृथ्वी मेरी माँ है, मैं उसका पुत्र हूँ- तो निश्चय ही वह दिवस सिर्फ एक तिथि नहीं रह जाता, बल्कि चेतना का उत्सव बन जाता है। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार को पृथ्वी दिवस समारोह में कुछ ऐसा ही अनुभव बनकर उभरा, जहाँ पर्यावरण संरक्षण की पुकार, कर्म की भाषा में गूंजती रही। हमारी शक्ति, हमारा ग्रह-विषय पर संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग ने जब वैश्विक चिंताओं को स्थानीय उत्तरदायित्वों से जो?ा, तो हर चेहरा विचारमग्न।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946